संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े ....
27 फरवरी 2025, गुरुवार
पृष्ठ-8, मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 148
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
संताल एक्सप्रेस

झारखंड में लिंगानुपात में आ रहा अंतर, सोरेन सरकार ने लिया एक्शन

रांची,(ईएमएस)। झारखंड की हेंमत सोरेन सरकार अब एनजीओ-पीएनडीटी स्कीम लागू करने की तैयारी में है, इसमें एनजीओ की मदद से सभी रेडियोलाजी और सोनोग्राफी सेंटरों की निगरानी होगी। यह निर्णय राज्य में लिंगानुपात में आ रहे अंतर को देखकर लिया गया है। बात दें कि पिछले कुछ सालों में लगातार शिशु लिंगानुपात में हो रही कमी की वजह से सितंबर 1994 में पीसीपीएनडीटी एक्ट लागू किया गया था। लेकिन इस एक्ट को प्रभावी बनाने के लिए एनजीओ-पीएनडीटी स्कीम को लागू की जा रही है।

देवघर में शिवबारात का भव्य आयोजन, मुख्यमंत्री हुए शामिल

भूत-प्रेतों के नृत्य से गूंजा देवघर, शिव बारात में दिखा अनोखा रंग



संवाददाता

देवघर। झारखंड सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि महोत्सव इस बार ऐतिहासिक भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों की जीवंत झांकी, आकर्षक ड्रोन शो, लेजर शो और नाचते-गाते भूत-प्रेतों के अनोखे कारवां ने श्रद्धालुओं का ध्यान खींचा। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर शिव बारात में करीब दो लाख श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सड़कों के किनारे खड़े भक्तों और घरों की छतों से लोगों ने बारातियों पर पुष्प वर्षा की। इस शोभायात्रा में 50 घोड़े, 15 ऊंट और 250 झंडों के साथ विभिन्न सांस्कृतिक दलों ने अपनी प्रस्तुति दी।

आस्था का यह केंद्र और मजबूती के साथ आगे बढ़े, सभी का सहयोग जरूरी : हेमंत

देवघर संताल एक्सप्रेस । महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर बाबा नगरी देवघर में बाबा भोलेनाथ के चरणों पर शीश नवाकर आप सभी का अभिनंदन करता हूं । आज यहां शिव बारात में सम्मिलित होने का मुझे भी अवसर मिला है। यहां हम एक ऐसे समूह के साथ खड़े हैं, जिसमें इंसान के साथ जीव -जंतु भी शामिल है। यह शिव बारात मात्र नहीं है । ऐसे महोत्सव में इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना यह दर्शाता है कि इससे ऊपर और कोई ताकत नहीं है और कहीं ना कहीं दुनिया इसी की बदौलत चल रही है। मुख्यमंत्री महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बाबा नगरी देवघर के केएनएन स्टेडियम में आयोजित शिव बारात महोत्सव को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस अवसर पर उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भव्य एवं आकर्षक झांकियों के साथ शिव बारात को रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन हम सभी के लिए उमंग ,उत्साह, खुशी, श्रद्धा, भक्ति एवं आस्था का दिन है। महाशिवरात्रि का महापर्व सदियों से मनाते आ रहे हैं और आगे भी यह अनवरत जारी रहेगी। बाबा नगरी देवघर के लिए यह महापर्व विशेष है।

यहां महाशिवरात्रि के पर्व के साथ निरंतर नया अध्याय जुड़ता जा रहा है । आप सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम भव्य रूप ले रहा है।

आज यह महोत्सव निरंतर बड़ा आयाम लेने की तैयारी में आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देवघर की पावन धरती असीम आस्था का केंद्र है। श्रावणी मेले के दौरान देश- दुनिया से लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए आते हैं।

महाशिवरात्रि पर बासुकीनाथ में उमड़ा शिव भक्तों का सैलाब

जरमुंडी । बाबा बासुकीनाथ भोलेनाथ की पावन नगरी में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को बासुकीनाथ में देर शाम तक करीब 1.30 लाख श्रद्धालुओं ने भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस दौरान बासुकीनाथ के हर गली व मोहल्ले श्रद्धालुओं की भीड़ से खचाखच भरा हुआ था। महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा बासुकीनाथ मंदिर और मुख्य बाजार का वातावरण श्रद्धालु मय था। चहुंओर बाबा के जयघोष गूंज रहे थे। महाशिवरात्रि के पर बुधवार की सुबह मंदिर प्रभारी कुंदन भगत, जरमुंडी एसडीपीओ अमित कच्छप, जरमुंडी थाना प्रभारी श्यामानंद मंडल के नेतृत्व में गर्भगृह के कपाट सुबह दो बजे खोले गए। भोलेनाथ की प्रातः कालीन पुरोहित पूजा के ढ़ाई बजे संपन्न हुई।इसके पश्चात बासुकीनाथ मंदिर के कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया। अहले सुबह से जलाभिषेक का दौर जो प्रारंभ हुआ, वह देर शाम तक अनवरत एक समान जारी रहा।

दोषी ठहराए जाने वाले राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध की मांग वाली याचिका का विरोध

अपराधी नेताओं के बारे में फैसला करेगी संसद : केंद्र सरकार

एजेंसी

नई दिल्ली । केंद्र सरकार ने आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए जाने वाले राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग वाली याचिका का सुप्रीम कोर्ट में विरोध करते हुए बुधवार को कहा कि इस तरह की अयोग्यता लागू करना पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। केंद्र द्वारा अदालत में दायर हलफनामे में केंद्र में कहा कि याचिका में यही मांग की गई है जो कानून को फिर से लिखने या संसद को एक विशेष तरीके से कानून

बनाने का निर्देश देने के समान है जो न्यायिक समीक्षा की शक्तियों से पूरी तरह बाहर है। ये सवाल कि क्या आजीवन प्रतिबंध उचित होगा या नहीं, ये पूरी तरह से संसद के अधिकार क्षेत्र में है। हलफनामे में कहा गया है कि दंड की कार्रवाई और जुर्माने को उचित समय अवधि तक सीमित रखने से सुधार सुनिश्चित किया जाता है। जबकि बेवजह की सख्ती से बचा जाता है।

केंद्र ने कहा कि दंड के प्रभाव को समय के आधार पर सीमित करने में कोई असंवैधानिक बात नहीं है और यह कानून का स्थापित सिद्धांत है कि दंड या तो समय के आधार पर या फिर परिणाम के आधार पर सीमित होता है। हलफनामे में कहा गया है, यह प्रस्तुत किया गया है कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाए गए मुद्दों के व्यापक प्रभाव हैं और वे स्पष्ट रूप से संसद की विधायी नीति के अंतर्गत आते हैं तथा इस संबंध में न्यायिक समीक्षा की रूपरेखा में उचित परिवर्तन किया जाएगा। अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में देश में सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक मामलों के शीघ्र निपटारे के अलावा दोषी ठहराए गए राजनेताओं पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है।

महाकुंभ का समापन, बना महारिकार्ड, 66करोड़+ भक्तों ने लगाई डुबकी

एजेंसी

प्रयागराज । तीर्थराज प्रयागराज की धरती पर बीते 13 जनवरी से आयोजित हो रहे दिव्य-भव्य और सांस्कृतिक समागम महाकुंभ का बुधवार को महाशिवरात्रि के अंतिम स्नान पर्व पर समापन हुआ। महाकुंभ ने 66 करोड़ लोगों के स्नान का आंकड़ा पार कर इतिहास रच दिया। यह महाकुंभ श्रद्धालुओं की संख्या के लिहाज से इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। कुंभ ही नहीं, दुनिया के किसी भी आयोजन में आज तक एक साथ इतनी बड़ी संख्या में लोग नहीं जुटे हैं, जितने 45 दिनों के अंदर प्रयागराज में बनाए गए एक अस्थायी शहर में जुट गए। यह संख्या कई देशों की आबादी

से भी कई गुना ज्यादा है। अगर संख्या के लिहाज से बात करें तो यह भारत की कुल आबादी का 50 फीसदी से ज्यादा है। यानी आधे से ज्यादा भारत इस बार महाकुंभ में डुबकी लगा चुका है। इतना ही नहीं इस महाकुंभ में इस बार और भी कई रिकॉर्ड बने हैं।

भारत की आबादी के चलते यहां होने वाले कई आयोजनों में लाखों लोगों की संख्या देखी जाती है। हालांकि, कुंभ मेलों में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए लोगों का समागम देखते ही बनता है। यही वजह है कि दुनिया के कुछ सबसे बड़े जुटावों में 2025 के महाकुंभ मेले से पहले 2019 को प्रयागराज में हुआ अर्ध कुंभ, 2013 में प्रयागराज में हुआ कुंभ और 2010 में हरिद्वार में हुआ कुंभ शामिल है। चौंकाने वाली बात यह है कि दुनिया में किसी भी धार्मिक, सांस्कृतिक या अन्य आयोजनों में इतनी भीड़ नहीं जुटी है। उदाहरण के लिए सऊदी अरब में हर साल होने वाले हज में करीब 25 लाख मुस्लिम मक्का में एकत्रित होते हैं। दूसरी तरफ इराक में हर साल होने वाले अरबईन में दो दिन में 2 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री जुटते हैं।

संत दो़ जावगे सोमाज दो़ मों़ज डाहारको उदुक् आकावादा : राष्ट्रपति मुर्मू

बागेश्वर धाम रे सामूहिक बापला सेमेलेत् रेय सेटेरेना राष्ट्रपति

खोबोरिया

छतरपुर। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो़य मेन केदा जे भारो़त रेयाक् आ़रीहोरा रे संत दो़ सेदाय रे आकोवाक् का़मी आर काथा ते हो़ड़ दो़ मों़ज डाहारको उदुक् आकात्कोआ। सोमाज रेयाक् बा़पुड़िच् चो़लो़नको चाबाय ला़गित् तेको तेंगोयेना। आंधापा़तियाउ खो़न हो़ड़को जागवार केत्कोआ। चाहे दो़ गुरुनानक गे, रविदास गे आर से संत कबीर दास गे, मीराबाई गे आर से संत तुकाराम, जो़तो़ गे सोमाज दो़ मों़ज डाहार रेको आ़युर आकादा।

राष्ट्रपति दो़ नोआ काथा सा़गुनमाहां हिलोक् महाशिवरात्रि ओ़पसो़र रे मध्य प्रदेश ते मित् माहांकिया़य चालावाकान रे छतरपुर जिला रे मेनाक् बागेश्वर धाम रे ओरामेन सामूहिक विवाह स मेलन का़मीहोरा रे नोआ काथाय रो़ड़ेत्कान ताहेंकाना। उनी दो़य मेन केदा जे जो़तो़ जोड़ाञ सारहावेत्पेया। जो़तो़को सुलुक जियोन ला़गित् बोंगे आसिञ एमापे काना। आपेको बापला तो़नो़ल रे तो़तो़लिच् बागेश्वर धाम रेन धीरेंद्र शास्त्रीञ सारहावेदे काना। राष्ट्रपति दो़य मेन केदा जे बापलायेन जोड़ाको दो़ आपनार जांगा रे तेंगो केटेच्को ला़गित् घारो़ंजिया़ सामानको सांवते जियोन जिवेदो़क् ला़गित् आटा चक्की आर सिला़ई मशीन हों एमावाको काना। जो़तो़ मायजीउको मेतावाकोञ मेनेत् काना जे आपनार जांगा रे तेंगो केटेजो़क् रेयाक् कुरूमुटूयपे। आपेपे केटेजो़क्आ तो़बे आनेच् गे आबोवाक् सोमाज आर दिसा़म दो़ केटेजो़क्आ। आबो दो़ मित् लाहान्त आकान दिसा़म बेनाव रेयाक् जो़सबोन दो़हो़ आकादा। आसो़ल काथा दो़ नोआ काना जे बागेश्वर धाम रेन पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्रीयाक् आ़युर रे महाशिवरात्रि ओ़पो़र रे बागेश्वर धाम रे दिसा़म रेयाक् जुदा़-जुदा़ पो़नो़तको रेन 251 गो़टेच् बेसहारा कुड़ीकोवाक् बापला होयोक् काना। नोआ सामूहिक बापला सेमेलेत् रे सेलेदो़क् ला़गित् ते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो़ सा़गुनमाहां हिलोक् बागेश्वर धाम तेय सेटेरेना। नोंडे पं. धीरेंद्र शास्त्री दो़ राष्ट्रपति हनुमान यंत्रए एमादेया। का़मीहोरा रे राज्यपाल मंगुभाई पटेल आर सिरा़मंत्री डॉ. मोहन यादव हों सेटेराकाने ताहेंकाना। नोआ खो़न लाहा राष्ट्रपति वायुसेना रेयाक् विशेष विमान ते खजुराहो एयरपोर्ट तेय सेटेरेना आर नोंडे खो़न हेलिकॉप्टर ते गढ़ा (छतरपुर) आतो रे मेनाक् बागेश्वर धाम तेय सेटेरेना। नोंडे उनी दो़ बालाजी मंदिर रेय पूजा़-पासा केदा।

कुंभ से लौट रही सांसद महुआ की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, इलाजरत

हेमंत सोरेन व कल्पना ने की मुलाकात

संवाददाता

लातेहार । सदर थाना क्षेत्र के होटवाग गांव के पास बुधवार की अहले सुबह एनएच 39 पर राज्यसभा सांसद महुआ माझी की कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में राज्यसभा सांसद के हाथ में गंभीर चोट आई है। उन्हें लातेहार में प्राथमिक इलाज करने के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद लातेहार थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया। हालांकि चिकित्सकों के अनुसार सांसद की स्थिति खतरे से बाहर है। इधर घटना के बाद पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार इस घटना में महुआ मांझी, उनके बेटे सोमबीत मांझी, बहू कृति श्रीवास्तव मांझी और चालक भूपेंद्र बासकी जख्मी हो गए।

घटना के वक्त सांसद का परिवार महाकुंभ से स्नान कर लौट रहा था, और उनकी कार की टक्कर घटनास्थल पर खड़ी ट्रक से हो गई। बताया जा रहा है कि कार उनका बेटा चला रहा था।इसी दौरान नींद आने के कारण कार एक ट्रक में जाकर टकरा गई।

नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार, भाजपा कोटे के सात विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

एजेंसी

पटना । बिहार में बुधवार शाम चार बजे राजभवन के राजेंद्र मंडप में नीतीश मंत्रिमंडल का विस्तार हुआ। इनमें भाजपा कोटे से कृष्ण कुमार मंटू, विजय मंडल, राजू सिंह, संजय सरावगी, जीवेश मिश्रा, सुनील कुमार और मोतीलाल प्रसाद ने मंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। खास बात यह रही कि मिथिलांचल के दो विधायक संजय सरावगी और जीवेश कुमार मिश्र ने मैथली भाषा में शपथ ग्रहण की।

सबसे पहले दरभंगा से भाजपा विधायक संजय सरावगी ने शपथ ली। उन्होंने मैथिली में शपथ ग्रहण की। इसके बाद बिहार शरीफ से भाजपा विधायक सुनील कुमार ने शपथ ग्रहण की इसके बाद दरभंगा के जाले विधानसभा सीट से भाजपा विधायक जीवेश मिश्रा, मुजफ्फरपुर जिले की साहेबगंज विधानसभा सीट से भाजपा विधायक राजू सिंह व रीगा से विधायक मोती लाल ने मंत्री पद की शपथ ली। छठे नम्बर पर कृष्ण कुमार मंटू ने, जबकि सबसे अंत में विजय कुमार मंडल ने शपथ ग्रहण की।

नीतीश कुमार के कैबिनेट विस्तार में सिर्फ जातीय बल्कि ही नहीं, बल्कि क्षेत्रीय समीकरण का भी पूरा ध्यान

रखा गया है। भाजपा कोटे से मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी विधायक बिहार के अलग-अलग क्षेत्रों से आते हैं। ऐसे में उन क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व करने से निश्चित तौर पर इसका असर इसी साल होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिल सकता है।

भाजपा ने बिहार के मिथिलांचल क्षेत्र के महत्व को समझते हुए इस क्षेत्र से दो विधायकों को मंत्री बनाया है। माना जा रहा है कि आने वाले विधान सभा चुनाव में भाजपा अपने इस दांव से मिथिलांचल के करीब 50 सीटों पर लीड लेने की कोशिश करेगी। उल्लेखनीय है कि कृष्ण कुमार मंटू छपरा के अमनौर क्षेत्र, विजय मंडल अररिया जिले के सिकटी, राजू सिंह साहेबगंज, संजय सारावगी दरभंगा जीवेश मिश्रा जाले, सुनील कुमार बिहारशरीफ और मोती लाल प्रसाद रीगा क्षेत्र से आते हैं।

बिहार विधानसभा का बजट सत्र 28 फरवरी से शुरू होने वाला है। ऐसे में बजट सत्र से पहले मंत्री पद की शपथ लेने वाले भाजपा के सातों विधायकों पर बड़ी जिम्मेदारी होगी। दरअसल इस साल बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में चुनाव को देखते हुए इस बार का बजट सत्र काफी अहम होने वाला हैं। बजट सत्र के दौरान नए मंत्रियों की भूमिका काफी अहम हो जाएगी। इन मंत्रियों पर अपने-अपने विभाग की योजनाओं को समय पर पूरा कराने की चुनौती होगी।

युवती ने केरल हाईकोर्ट से सुरक्षा की लगाई गुहार

रामगढ़, (हि.स.)। दूसरे समुदाय के लड़के के साथ रामगढ़ से केरला गई 26 वर्षीया युवती ने केरल हाई कोर्ट से सुरक्षा की गुहार लगाई है। उसने केरला हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अपनी सुरक्षा की मांग की है। केरल से वापस लाने गई रामगढ़ पुलिस के साथ उसने आने से इनकार कर दिया। इस तथ्य को रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बुधवार को उन्होंने एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि जिस युवती को लाने के लिए रजरप्पा थाना क्षेत्र में बवाल मचाया जा रहा है, वह लड़की यहां आना ही नहीं चाहती है। लिखित रूप से पीड़िता के द्वारा स्वयं उच्च न्यायालय, केरल में अपने बालिग होने एवं अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर एक याचिका दायर की गयी है। इस याचिका पर गुरुवार को सुनवाई होने वाली है। फिलहाल लड़की को स्थानीय पुलिस के द्वारा सुरक्षा प्रदान करते हुए उसे आश्रय गृह में रखा गया है। एसपी ने बताया कि युवती के भाई ने 22 फरवरी को रजरप्पा थाने में बहन के अपहरण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इस प्राथमिकी में मो गालिब उर्फ राजा और उसके अन्य सहयोगियों को आरोपित बनाया गया था। कांड सं0-38/ 2025 की पीड़िता की बरामदगी के लिए दो पुलिस पदाधिकारियों को राज्य से बाहर केरला के अलापुझा जिले के कायकुलम थाना भेजा गया है। एसपी के द्वारा अलापुझा जिले के एसपी से दूरभाष के माध्यम से वार्ता कर पीड़िता की बरामदगी के लिए आवश्यक पत्राचार किया गया। तत्पश्चात वहां की स्थानीय पुलिस के सहयोग से पीड़िता को थाना लाया गया है। जहां सारी स्थिति स्पष्ट हुई। एसपी ने बताया कि अपहरण के आरोपित चितरपुर दर्जी मोहल्ला निवासी गालिब उर्फ राजा के खिलाफ वारंट कोर्ट से लिया जाएगा। उसके बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जाएगा।

यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि मानसिक शांति का भी साधन है: आचार्य धीरजकांत

नारायणपुर(जामताड़ा)। बड़बहाल में आयोजित पांच दिवसीय यज्ञ में आचार्य धीरजकांत मिश्रा ने यज्ञाचार्य की भूमिका निभाई। यज्ञ के समापन के बाद बातचीत में उन्होंने कहा कि यज्ञ केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पर्यावरण शुद्धि और मानसिक शांति का साधन है।उन्होंने बताया कि बढ़ते प्रदूषण, मानसिक अशांति और नैतिक मूल्यों के पतन के बीच यज्ञ समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। वैदिक ग्रंथों में इसे परम कल्याणकारी बताया गया है। यज्ञ का अर्थ केवल अग्नि में आहुति देना नहीं, बल्कि यह त्याग, समर्पण और आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है।वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी यज्ञ महत्वपूर्ण है। विशिष्ट जड़ी-बूटियों की आहुति से वायुमंडल शुद्ध होता है और हानिकारक जीवाणु नष्ट होते हैं। शोधों के अनुसार, यज्ञ का धुआं संक्रामक रोगों को रोकने में सहायक होता है।आचार्य मिश्रा ने कहा कि यदि हम अपनी प्राचीन परंपराओं को वैज्ञानिक रूप से अपनाएँ, तो न केवल आध्यात्मिक उत्थान होगा, बल्कि पर्यावरण भी स्वच्छ और संतुलित रहेगा।

सीसीएल मुख्यालय कार्य प्रणाली दल पहुंचा एसडीओसीएम परियोजना

रांची (ईएमएस)। सीसीएल रांची मुख्यालय कार्य प्रणाली औचक निरीक्षण दल ने बुधवार को ढोरी प्रक्षेत्र अंतर्गत एसडीओसीएम परियोजना पहुंचकर यहां की कार्य प्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। टीम में आरके गुप्ता सहित पांच-छह सदस्य का दल एसडीओसीएम के साइडिंग कांटा, चालान कांटा, केपीएस कांटा एवं डीजल डिसपैंसिंग यूनिट पहुंचकर कार्य प्रणाली को बारीकी के साथ जाना। यहां पर अधिकारियों ने कार्य के सिस्टम एवं डीजल डीजल डिसपैंसिंग सिस्टम को बताया। बताते चले प्रोडक्शन मंथ में सीसीएल की विभिन्न कोलियरी में हो रहे उत्पादन कार्य सहित ट्रांसपोर्टिंग एवं डीजल डिसपैंसिंग सिस्टम सहित अन्य कई कार्य सुचारू रूप से संचालित हो रहा है या नहीं इसके लिए औचक निरीक्षण दल की टीम पहुंचकर छानबीन कर रही है। हालांकि निरीक्षण दल एसडीओसीएम परियोजना में कार्य प्रणाली से काफी प्रभावित हुआ। पहले तो एसडीओसीएम परियोजना में अफवाह फैल गयी की सीसीएल की विजिलेंस की टीम औचक निरीक्षण के लिए आयी है। लेकिन टीम के आने के बाद स्पष्ट हो सका की कार्य प्रणाली औचक निरीक्षण दल की टीम कोलियरी में हो रहे कार्य को एवं सिस्टम का निरीक्षण करने आई थी।

शिवरात्रि मेले में हेल्थ कैंप का आयोजन

गोड्डा । जिला स्वास्थ्य समिति गोड्डा द्वारा बुधवार को धमसाय के शिवरात्रि मेले में हेल्थ कैंप का उद्घाटन जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती बेबी देवी ने फीता काटकर किया। इस अभियान के निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के निर्देशानुसार गैर संचारी रोग के तहत दिनांक 20 फरवरी 2025 से दिनांक 31 मार्च 2025 तक विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 30 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग के लोगों का बीपी शुगर जांच किया जाना है। तदोपरांत पॉजिटिव पाए जाने वाले मरीजों का इलाज किया जाना है साथ ही साथ जीवन शैली में बदलाव, खान-पान में विशेष ध्यान दिए जाने एवं योग व्यायाम किए जाने हेतु लोगों के बीच प्रचार प्रसार किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर में 172 से अधिक लोगों ने चिकित्सकों से अपनी जांच करवाई। इस दौरान चिकित्सकों ने मरीजों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। चिकित्सकों ने रोगियों को विभिन्न रोगों से बचने और रोकथाम करने के बारे में बताया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक ने मरीजों की हड्डी रोग, मोटापा, ब्लड प्रेशर, शुगर, पेट संबंधी विकार आदि की जांच निशुल्क की। जिसमें अनुभवी चिकित्सक डॉ0 मोजाहिद इमाम ने कहा कि उनका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है। डॉ0 इमाम ने कहा कि हरी सब्जियों का सेवन करना चाहिए। निरंतर योग करने, खाने के बाद घूमने आदि पर जोर दिया। शिविर में ब्लड प्रेशर के मरीज अधिक मामले पाई गई एवम् निशुल्क दवाइयां वितरण की गई। शिविर में सेवाएं जैसे ओरल कैंसर स्क्रीनिंग, ब्रेस्ट कैंसर स्क्रीनिंग, हड्डी, कैंसर स्क्रीनिंग, मधुमेह, रक्तचाप एनीमिया, सिकल सेल, टीबी स्क्रीनिंग, कुष्ठ स्क्रीनिंग, टीकाकरण, ए एन सी, आई स्क्रीनिंग किए गए। 172 लोगो को ओपीडी किया गया। 95हिमोग्लोबिन, 85 मधुमेह, आयुष डॉ0 प्रवीण भारती एवम पीयूष देवाशीष के द्वारा 115 लाभार्थियों की जांच तथा दवा दिया गया, 86 सिकलसेल, टीबी जाँच 12, परिवार नियोजन परामर्श 26 किया गया।

विधायक ने मेले का किया उद्घाटन

पलामू, 26 फरवरी (हि.स.)।पलामू के चैनपुर प्रखंड के गांधीपुर शिवघाट मेला समिति की ओर से बुधवार को कोयल नदी के किनारे शिव मंदिर के प्रांगण में महाशिवरात्रि पर भव्य मेला सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।मौके पर विधायक ने कहा कि हमारे क्षेत्र में इतना पुराना मेला आज तक लगता आ रहा है, यह हम सबके लिए गर्व की बात है। महाशिवरात्रि के अवसर पर बाबा भोलेनाथ का विवाह होता है। लोग भोलेनाथ की पूजा पाठ आराधना करते हैं और भगवान से मनवांछित फल की कामना करते हैं। उन्होंने मेला समिति के लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह मेला कुछ सालों से समाप्त होते जा रहा था, लेकिन क्षेत्र के कुछ युवाओं ने अभिभावकों के निर्देशन पर पुनः सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से मेले को पुनर्जीवित करने का काम किया है।

हजारीबाग में शिवरात्रि पर लाउडस्पीकर लगाने पर दो गुटों में झड़प

संवाददाता

हजारीबाग । लाउडस्पीकर लगाने के दौरान हिंदुस्तान चौक पर दो गुटों के बीच झड़प हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शिवरात्रि पर गाना बजाने के लिए लाउडस्पीकर लगाने के दौरान यह घटना घटी। उपद्रवियों ने तीन बाइक, एक दुकान और एक कार को आग के हवाले कर दिया तथा एक ऑटो में भी तोड़फोड़ की है।वहीं, पूरी सड़क पर पत्थर के टुकड़े पड़े नजर आए। प्रशासन ने हल्का बल प्रयोग कर सभी को शांत करवाया। प्रशिक्षु आईएएस सह सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंगे, प्रशिक्षु आईपीएस श्रुति अग्रवाल सहित पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी इचाक प्रखंड के पदाधिकारी तथा भारी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर मौजूद है। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। जिला प्रशासन ने आमलोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा शांति बनाए रखने की अपील की है। एसपी अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि अभी स्थिति नियंत्रण में है। दोषियों को चिन्हित कर पुलिस कार्रवाई करेगी। हजारीबाग मामले को लेकर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि यह घटना निंदनीय और पीड़ादायक है। सरकार को ऐसे लोगों पर कड़ाई से निपटना चाहिए। ऐसी घटनाएं सरस्वती पूजा में प्रतिमा विसर्जन और होली जैसे त्योहारों पर तनाव पैदा हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि वे कौन से लोग हैं, जो हमेशा शांति और अमन चैन को छीनना चाहते हैं। पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शांति की स्थिति है, लेकिन झारखंड में ऐसी घटनाएं क्यों होती हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड में बंग्लादेशी घुसपैठिये लगातार यहां की डेमोग्राफी और विधि व्यवस्था को बर्बाद कर रहे हैं।

विधायक के प्रयास से तीन साल बाद तीन शिक्षकों को मिला नियुक्ति पत्र

सिमडेगा(ईएमएस)। विधायक भूषण बाड़ा ने तीन नव नियुक्त शिक्षकों को नियुक्ति पत्र सौंपा। नियुक्ति पत्र मिलने वाले शिक्षकों में शिक्षिका अनुप कुमारी, शिक्षिका माधुरी टोप्पो और शिक्षक तरुण कुमार सिंह शामिल है। सभी शिक्षकों की नियुक्ति विधायक भूषण बाड़ा के अथक प्रयास से तीन साल बाद हो पाया है। नियुक्ति पत्र पाकर सभी शिक्षक काफी खुश हुए। साथ ही सभी ने विधायक के प्रति आभार जताया। विधायक ने सभी नव नियुक्त शिक्षकों को बधाई दी। साथ ही अपने कर्तव्यों को पुरी ईमानदारी के साथ निर्वहन करने की अपील की। विधायक ने कहा कि महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में नियुक्ति प्रक्रिया में काफी तेजी आई है। आज हर विभागों में बड़े पैमाने पर नियक्ति की जा रही है। महागठबंधन की दुरदर्शिता सोंच के कारण राज्य में बड़ी संख्या में शिक्षकों की भी नियुक्ति की गई है।

इसके अलावे जेएसएससी, जेपीएससी आदि के माध्यम से भी नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी आई है। सभी नौकरी में स्थानीय को प्राथमिकता देने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि आने वाले वर्षों में सभी रिक्त पड़े पदों पर नियक्ति कराने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाएगी। वहीं जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने भी सभी नव नियुक्त शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि न सिर्फ अनुबंध बल्कि राज्य के युवाओं को सरकारी नौकरी देने काम महागठबंधन सरकार द्वारा किया जा रहा है, जो सराहनीय है। विधायक भूषण बाड़ा से अपील करते हुए कहा कि सभी अनुबंध कर्मचारियों की सेवा स्थायी कराने की दिशा में पहल करते हुए अनुबंध कर्मचारियों की सेवा स्थायी करे। मौके पर जिला विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, विधायक प्रतिनिधि शीतल तिर्की, लखन गुप्ता आदि उपस्थित थे।

जेपीएससी अध्यक्ष का पद खाली होने से कई प्रतियोगी परीक्षाएं हो रही हैं प्रभावित : अजय राय

रांची (हि.स.)। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) में अध्यक्ष पद सहित कई महत्वपूर्ण पदों के खाली होने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इन पदों के रिक्त रहने से आयोग की कार्यक्षमता बाधित हो रही है, जिससे प्रतियोगी परीक्षाओं का संचालन प्रभावित हो रहा है और राज्य के युवाओं का भविष्य अधर में लटक रहा है।राय ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जेपीएससी अध्यक्ष का पद खाली होने से कई प्रतियोगी परीक्षाएं प्रभावित हो रही हैं और कई परीक्षाओं का प्रकाशन नहीं हो पा रहा है। इससे राज्य के युवाओं का भविष्य अधर में लटक रहा है। उन्होंने कहा कि विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है, लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। यह राज्य के युवाओं के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए और जल्द से जल्द जेपीएससी अध्यक्ष की नियुक्ति करनी चाहिए। साथ ही, आयोग के खाली पदों को भी भरना चाहिए ताकि आयोग की कार्यक्षमता में सुधार हो सके।

पुलिस की संवेदनशीलता, मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को परिजनों से मिलवाया

चितरंजन- कल्याणेश्वरी पुलिस के प्रयास से एक मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति सुरक्षित अपने घर लौट सका। उत्तराखंड से उत्तर प्रदेश लौटते समय ट्रेन से भटककर कल्याणेश्वरी लेफ्ट बैंक पहुंचे पुकुलधारी कुमार को स्थानीय लोगों ने पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उनकी पहचान और परिजनों का संपर्क नंबर खोज निकाला। सूचना मिलते ही परिजन बुधवार दोपहर कल्याणेश्वरी फाड़ी पहुंचे और उन्हें अपने साथ घर ले गए। रामरीत कुमार, जो उनके साले हैं, ने पुलिस का आभार जताते हुए कहा कि परिवार कई दिनों से उनकी तलाश कर रहा था।

रांची में दमखम दिखाएंगे 6 राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेटर टीम

रांची(ईएमएस)। राजधानी रांची में देशभर से चुने हुए दिव्यांग क्रिकेटर अपने अनोखे हुनर का जलवा बिखेरेंगे। 25 से 27 मार्च तक मेकॉन स्टेडियम में सुपर 6 राष्ट्रीय दिव्यांग क्रिकेट प्रतियोगिता होगी। इसमें छह राज्य- पुडुचेरी, असम, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पश्चिम बंगाल और मेजबान झारखंड के दिव्यांग खिलाड़ी गेंद और बल्ले से कमाल दिखाएंगे। बीसीसीआई के नियमों के आधार पर प्रतियोगिता होगी। झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन फॉर डिफरेंटली एबल्ड की मेजबानी में प्रतियोगिता के आयोजन की तैयारी चल रही है। इसमें झारखंड सरकार भी सहयोग कर रही है। एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह और सचिव आफताब आलम ने बताया कि प्रतियोगिता में 100 खिलाड़ी और 10 से अधिक तकनीकी पदाधिकारी शामिल रहेंगे। आफताब ने कहा कि उदयपुर (राजस्थान) में 15 से 27 अक्तूबर तक राष्ट्रीय प्रतियोगिता हुई थी, जिसमें से शीर्ष 6 टीमों को चुनकर यह प्रतियोगिता कराई जा रही है। खिलाड़ियों को अधिक से अधिक अवसर मिले, इसलिए कई वर्गों में इस तरह की प्रतियोगिता अलग-अलग राज्यों में कराई गई है।खिलाड़ियों के रहने और खाने-पीने की व्यवस्था संघ की ओर से की जा रही है। शहर के होटल व गेस्ट हाउस में टीमों को ठहराया जाएगा। साथ ही स्टेडियम आने-जाने की सुविधा भी संघ की ओर से मुहैया कराई जाएगी। जल्द ही प्रतियोगिता की ट्रॉफी का अनावरण किया जाएगा।

महुआ माजी से मिलने पहुंचे संजय सेठ

रांची। (झामुमो) के राज्यसभासांसद डॉक्टर महुआ माजी के प्रयागराज से आने के क्रम में लातेहार में एक्सीडेंटहोने की सूचना पर बुधवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ऑर्किडहॉस्पिटल में जाकर उनसे मुलाकात की।रक्षा राज?य मंत्री ने महुआ माजी का हाल जाना और उन्होंने वहां मौजूद डॉक्टरोंसे बात की तथा उनके बेहतर इलाज करने को कहा। उन्होंने महुआ माजी के जल्द स्वस्थहोने की कामना की। संजय सेठ के साथ साथ पूर्व राज्यसभा सांसद अजय मारू भी उपस्थित थे।

आरसीसी सड़क का ग्रामीणों ने किया विरोध

गिरीडीह(ईएमएस)। सोनबाद पंचायत के महदैया मोड़ से न्यू गिरिडीह रेलवे स्टेशन तक बननेवाले आरसीसी ढलाई कार्य में अनियमितता का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने विरोध किया। आक्रोशित लोगों ने मंगलवार को पांच घंटे तक ढलाई कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों के कार्य रोके जाने पर संवेदक द्वारा पुलिस को इसकी सूचना देने की ग्रामीणों को धमकी दी गई इस पर ग्रामीण और भड़क गए। ग्रामीणों ने पुलिस को बुलाने और जांच के लिए संबंधित विभाग के जेई को बुलाने की जिद्द पर अड़ गए। तब सड़क निर्माण कार्य में लगे मुंशी और संवेदक ने दूरभाष इस तरह की बात नहीं कहने और मैटेरियल की गुणवत्ता सुधारने की बात कहने पर ग्रामीणों ने दोबारा इस तरह की हरकत नहीं करने की चेतावनी देने के बाद काम शुरू करने दिया। स्थानीय ग्रामीण पूर्व वार्ड सदस्य रवि कोल्ह के नेतृत्व में रोहित मंडल, सोनू मंडल, पप्पू मंडल, होरील कोल्ह, बुलाकी मंडल, अनिल मंडल, सितो मंडल, दामोदर मंडल सहित दर्जनाधिक ग्रामीण सड़क पर उतर गए और ढलाई कार्य के मिक्सर मशीन में सीमेंट की मात्रा कम और क्रशर का डस्ट और मिट्टी डालकर मैटेरियल तैयार करते देख ग्रामीणों ने इसका कड़ा प्रतिवाद किया था। ग्रामीण घटिया मैटेरियल से आरसीसी का ढलाई कार्य होने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित होने की संभावना व्यक्त कर रहे थे।कहा कि वर्षों बाद सड़क का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसमें किसी प्रकार की कोताही करने नहीं दी जाएगी। बतला दें कि आरईओ विभाग की देखरेख में कार्य किया जा रहा है। इस सिलसिले में बुधवार दोपहर जेई से संपर्क स्थापित करने का प्रयास हुआ, लेकिन संपर्क स्थापित नहीं हो सका।

दादी के दाह संस्कार में गये पोते की चेकडैम में डूबने से मौत

गिरिडीह (ईएमएस)। चचेरी दादी के अंतिम संस्कार में बराकर नदी स्थित श्मसान घाट गये पोते की डूबने से मौत हो गई। घटना बुधवार की दोपहर की है। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बदडीहा निवासी रिंकू विश्वकर्मा का 16 वर्षीय पुत्र शिवम था। जानकारी के अनुसार बदडीहा गांव निवासी टिंकू विश्वकर्मा की मां का निधन हो गया था। बुधवार को उसके अंतिम संस्कार करने गांव के लोग शव लेकर मुफस्सिल और पीरटांड थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित बराकर नदी श्मसान घाट गये थे। अपनी चचेरी दादी के अंतिम संस्कार में शामिल होने टिंकू के चचेरे भाई रिकू विश्वकर्मा का एकलौता पुत्र शिवम भी घाट गया था। दाह संस्कार होने के बाद घर वापसी पूर्व सभी लोग नदी में स्नान कर रहे थे। कुछ लोग नदी में बने चेक डैम के पास भी स्नान कर रहे थे। शिवम भी चेकडैम के पास स्नान कर रहा था। इसी दौरान नदी के धार से बने गड्ढे में वह जा फंसा। गड्ढा गहरा होने के कारण वह बाहर नहीं निकल पाया वहां मौजूद ग्रामीणों ने उसे बचाने का काफी प्रयास लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर श्याम किशोर महतो के अलावा पीरटांड थाना की पुलिस को घटनास्थल पहुंची। घटना के काफी देर बाद काफी मशक्कत से ग्रामीणों ने शिवम को गड्ढे से निकाला और उसे लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। जहां चिकित्सक ने शिवम को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से पूरे गांव में मातम का माहौल है। घर वालों

हिंदुओं के त्योहारों पर हमले हों बंद - बजरंग दल

रांची/हजारीबाग, 26 फरवरी (हि.स.)। हजारीबाग के इचाक प्रखंड के डुमरौन गांव में साउंड सिस्टम और झंडा लगाने को लेकर हुए विवाद में आगजनी और फिर हिंसक झड़प की घटना पर बजरंग दल प्रांत संयोजक रंगनाथ महतो ने नाराजगी जतायी है।उन्होंने कहा कि जब-जब हिंदुओं का कोई पर्व त्योहार आता है, उसमें विघ्न उत्पन्न करने का कार्य एक विशेष समुदाय की ओर से किया जाता है और जब हिंदू समाज अपनी सुरक्षा में खड़ा होता है तो प्रशासन उल्टे हिंदुओं को ही दोषी मानकर उसपर कार्रवाई करता है। इससे हिंदू समाज की भावनाएं आहत होती हैं और कानून व्यवस्था से विश्वास उठता है। कुछ दिनों से ऐसा लग रहा है, जैसे झारखंड में अलगाववादी, उग्रवादी, उपद्रवी, बलात्कारी, राष्ट्रद्रोही, जेहादियों की ही सरकार है और उनके ही सह पर ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। समय रहते हजारीबाग जिला प्रशासन और राज्य सरकार शीघ्र ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाये और डुमरौन गांव के दोषियों को जल्द गिरफ्तार करें। अन्यथा बजरंग दल संपूर्ण झारखंड में आंदोलन करने को बाध्य होगा और इसकी सारी जिम्मेदारी राज्य सरकार की ही होगी।

अंडर ग्राउंड पुल पथ पर दरार, हादसे की संभावना

बोकारो(ईएमएस)। गोमिया प्रखंड में सीसीएल कथारा प्रक्षेत्र अंतर्गत स्वांग कोलियरी के रेलवे क्रॉसिंग में बने अंडर ग्राउंड पुल के पथ पर काफी बड़ा दरार के साथ ढलाई पथ फट गया जो किसी समय आवागमन में घटना को दावत दे सकती है। झामुमो के वरीय नेता मुमताज आलम ने दरार पड़े पथ का निरीक्षण किया। कहा कि अंडर ग्राउंड पथ होकर आमजनों के अलावा कोलियरी से बड़े वाहनों में कोयला लोड ट्रकों का आवागमन होता है। जिससे कभी भी पथ बड़े पैमाने पर ध्वस्त हो सकता है। आलम ने स्वांग कोलियरी के परियोजना पदाधिकारी से बात कर पथ की मरम्मत कराने की बात कही। यह भी कहा कि जबतक पथ की मरम्मत नहीं हो जाती तबतक कोयला लोड बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक लगायी जाय।

राज्यपाल ने किया नमो ई लाइब्रेरी का लोकार्पण

रांची (हि.स.)। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल पर शुरू होने वाले नमो ई लाइब्रेरी सह साइबर कम्युनिटी सेंटर का लोकार्पण बुधवार को राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया।कार्यक्रम में राज्यपाल ने रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि संजय सेठ की ओर से सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र में की जा रही पहल सराहनीय है।उन्होंने कहा कि यह केंद्र युवाओं शोधार्थियों के लिए बहुत सहयोगी साबित होगा। समाज के अधिक से अधिक युवा, शोधार्थी और महिलाएं इस केंद्र का लाभ उठाएंगे।वहीं रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने में टेक्नोलॉजी का महत्वपूर्ण योगदान होगा। इसी सोच के तहत यह सेंटर काम करेगा। राजनीति समाज सेवा का बड़ा माध्यम है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मामले में सदैव मार्गदर्शन देते हैं। उन्हीं की प्रेरणा से पहले बुक बैंक, फिर टॉय बैंक और अब नमो ई लाइब्रेरी का शुभारंभ कर रांची की जनता को समर्पित की जा रही है।उन्होंने कहा कि विकसित भारत में तकनीकी रूप से हमारे युवा, हमारी महिलाएं सशक्त योगदान दे सकें, इस उद्देश्य से भी नमो ई-लाइब्रेरी स्थापित की गई है।साइबर पीस फाउंडेशन ने इसकी स्थापना और संचालन के लिए सकारात्मक योगदान दिया है।

दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट प्रारंभ

महागामा । प्रखंड क्षेत्र के परसा पंचायत अंतर्गत मिल्लत कॉलेज परसा मैदान में बुधवार को दो दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन वॉलीबॉल क्लब के द्वारा किया गया। वॉलीबॉल मैच का उद्घाटन पश्चिमी जिला परिषद सदस्य नगमा आरा एवं परसा पंचायत के मुखिया मुस्ताक आलम के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन मैच कोरियन एवं चकनाथू टीम के बीच खेला गया। जिस मुकाबले में मेजबान टीम ने जीत दर्ज की। उद्घाटन के मौके पर खिलाड़ियों सहित स्थानीय ग्रामीणों को संबोधित करते हुये उद्घाटनकर्ता बीबी नगमा आरा ने कहां की खेल में जीत हार का होना स्वाभाविक है इसलिए हारने वाली टीम को भी निराश होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि अपने खेल की कमियों को दूर कर अच्छा प्रदर्शन करने की सोच रखनी चाहिए खेल को हमेशा खेल की भावनाओं से खेलना चाहिए ऐसे मैच को खेलने से लोग गांव से लेकर नेशनल तक का सफर तय कर सकते हैं मैं सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं एवं उन्होंने कहा कि मैं कमेटी की टीम को भी धन्यवाद देता हूं कि इस छोटे से ग्राउंड पर इतना बड़ा खेल का आयोजन किया और मुझे आमंत्रित किया एवं परसा पंचायत के मुखिया मुस्ताक आलम ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को अभिभावक पढ़ाई की तरह खेल की रुचि के हिसाब से खेल सामग्री भी उपलब्ध करायें ताकि बच्चे खेल में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने गांव के साथ-साथ क्षेत्र का भी नाम रौशन कर सके। वॉलीबॉल क्लब के अध्यक्ष दिलशाद आलम ने बताया कि इस बार टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें हिस्सा ले रही है। मैच के दौरान रेफरी की भूमिका में नौशाद आलम थे। जबकि तबरेज आलम आंखों देखा हाल के साथ-साथ खुसरू परवेज रियाज अहमद मोहम्मद अखलाक खालिद रिजवान नावेद अख्तर खेल की भूमिका निभा रहे थे इस खेल में ग्रामीणों ने तालिया के साथ खिलाड़ियों की हौसले को बुलंद कर रहे थे।

डिवाइडर से टकराई बाइक, पत्नी की मौत और पति घायल

कोडरमा (हि.स.)। जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के गौरी नदी पुल पर डिवाइडर से बाइक की टक्कर होने से पत्नी की मौत हो गयी जबकि पति घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सर्वेश कुमार और संजू प्रसाद सिंह (45)पति-पत्नी बाइक पर सवार होकर बरही की तरफ जा रहे थे। गौरी पुल के समीप बाइक के दुर्घटनाग्रस्त होने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसके बाद सदर अस्पताल कोडरमा में चिकित्सकों ने जांच के दौरान गंभीर रूप से घायल महिला संजू प्रसाद सिंह को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल सर्वेश कुमार का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया । **अनियंत्रित ट्रक ने थाना की बाउंड्री में मारी टक्कर**एक अन्य घटना में कोडरमा थाना के समीप बुधवार की सुबह एक अनियंत्रित ट्रक ने पेड़ में जोरदार टक्कर मार दी। इससे ट्रक क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ट्रक चालक रजौली निवासी मोनू कुमार बाल बाल बच गया। घटना के बाद कोडरमा पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। वहीं चालक को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक ओडिशा से स्पंज लेकर पटना जा रही थी। वहीं चंदवारा थाना क्षेत्र के ढाब थाम में बुधवार को स्कूटी की टक्कर सड़क किनारे पोल से होने से स्कूटी पर सवार दो व्यक्ति घायल हो गए। घायलों की पहचान हजारीबाग के चौपारण निवासी भुवनेश्वर दास और रतन दास के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार स्कूटी सवार दोनों व्यक्ति ढाब थाम चौक की तरफ जा रहे थे। इस दौरान स्कूटी अनियंत्रित होकर पोल से टकरा गई और दोनों घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों की सहायता से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया।

ट्रेलर का ब्रेक फेल, दुर्घटना में चालक की मौत

रामगढ़, 26 फ़रवरी (हि.स.)। रामगढ़-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चटूपालू घाटी में बुधवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। रांची से रामगढ़ की तरफ आने के क्रम में घाटी में एक ट्रेलर का ब्रेक फेल हो गया और वह अनियंत्रित होकर चार गाड़ियों से टकरा गया। इस हादसे में ब्रेक फेल हुए ट्रेलर चालक की मौत हो गई। इस दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गये। वहीं मृतक चालक की पहचान राजस्थान राज्य के अलवर जिला अंतर्गत सडौली गांव निवासी इरफान खान के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार ट्रेलर (आरजे 02 जीबी 4948) खड़गपुर से लोहे का ब्लेड लेकर गाजियाबाद जा रहा था। पुनदाग टोल प्लाजा पार करने के बाद जैसे ही यह ट्रेलर घाटी में घुसा, गड़के मोड़ के पास उसका ब्रेक फेल हो गया। अनियंत्रित ट्रेलर ने सबसे पहले एक वेन्यू कार (जेएच 05 सीपी 4344) को टक्कर मारी। साथ ही एक बाइक (एच 24 एम 6882) और ट्रक (आरजे 32 जीसी 2673) को भी धक्का मारा। अंततः आगे जा रहे ट्रेलर (आरजे 47 जीए 5618) को पीछे से जोरदार टक्कर मारकर वहीं रुक गया।

60 फीसदी घरेलू गैस सिलेंडर का होता है ब्लैक मार्केटिंग : रामेश्वर लश्करे

गिरिडीह (ईएमएस)। ग्राहक दक्षता कल्याण फाउंडेशन के परियोजना प्रमुख रामेश्वर लश्करे ने कहा कि हमारी संस्था जनजागृति अभियान चला घरेलू गैस सिलेंडर के उपभोक्ताओं को जागरूक कर रही है। ताकि घरेलू गैस उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों की जानकारी हो सके और गैस एजेंसी संचालकों की गलत नीतियों के खिलाफ एक सामूहिक आवाज बन सकें। लश्करे बुधवार को गिरिडीह परिषदन भवन में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उनके साथ झारखण्ड प्रदेश प्रमुख मुसाहिद आदिब मौजूद थे। लश्करे ने कहा कि देश के 22 राज्यों में उनकी संस्था संचालित है और उपभोक्ताओं को नुक्कड़ नाटक, बैनर, पोस्टर, होर्डिंग लगा तथा पेंटिंग और हस्ताक्षर अभियान चला जागरूक करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि गैस एजेंसी संचालक व पर्दे के पीछे के दलाल उपभोक्ताओं को उनके वाजिब हक और अधिकारों को देने के बजाय अधिक मुनाफा कमा रही है,और सरकारी राजस्व को भी चुना लगा रही है। कहा कि निर्धारित मूल्य पर घरेलू सिलेंडर कंज्यूमर के घर तक पहुंचाना है लेकिन सिलेंडर पहुंचाने के बदले 20, 30 रुपये अधिक ली जाती है। जिसका कोई रशीद नहीं मिलता। यधपि एजेंसी को सिलेंडर, कंज्यूमर को वजन कर देना है लेकिन बगैर वजन किये ही सिलेंडर दी जाती है।

सांप काटने से युवक हुआ मुर्छित

साहिबगंज जिले के उधवा प्रखंड के खखरो टोला गांव में सांप काटने से एक युवक मूर्छित हो गया मूर्छित युवक को परिजनों ने इलाज के लिए बुधवार को सदर अस्पताल में भर्ती कराया अस्पताल में चिकित्सा की केशव कृष्णा के द्वारा फौरन इलाज किया गया बताया जा रहा है कि उधवा प्रखंड के खखरो टोला गांव निवासी कार्तिक हेंब्रम 25 वर्षीय युवक खेत गया था. उसी दौरान किसी सांप ने काटकर मूर्छित कर दिया फिलहाल युवक का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर के देखरेख में चल रहा है 7

अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट

राँची ने गुमला को 199 रन से पराजित कर दर्ज की लगातार पांचवीं जीत

गोड्डा । झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के तत्वाधान में आयोजित अंडर 23 अंतर जिला क्रिकेट टूर्नामेंट में राँची ने गुमला को 199 रन से पराजित कर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की। राँची की टीम अपने सभी लीग मैच जीतकर ग्रुप, में शीर्ष स्थान पर रही। पहले बल्लेबाजी करते हुए राँची की टीम ने 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 316 रन का स्कोर खड़ा किया। प्रिंस कुमार सिंह ने 105 रन की पारी खेली।टीम के कप्तान एवं रणजी खिलाड़ी राजनदीप सिंह ने सिर्फ 27 गेंद में 60 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। इस पारी में उन्होंने 4 गगनचुंबी छक्के लगाए। आर्यन राज ने 56 रन बनाया। जवाब में गुमला की टीम सिर्फ 117 रन पर ऑल आउट हो गई। अतुल राज ने सर्वाधिक 37 रन बनाया। साहिल विल्सन ने 5 विकेट प्राप्त किया। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार जिला क्रिकेट संघ के सचिव रंजन कुमार के द्वारा राँची के प्रिंस कुमार सिंह को ट्रॉफी एवं 5000 की नकद राशि प्रदान की गई। राँची टीम का क्वार्टर फाइनल मुकाबला 03 मार्च को ग्रुप सी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम के साथ गाँधी मैदान में खेला जायेगा। इस अवसर पर पर्यवेक्षक काजल दस, अंपायर उमेश पाठक, इफ्तेखार शेख स्कोरर के अलावा क्रिकेट संघ के संयोजक संजीव कुमार, कोषाध्यक्ष सनोज कुमार, इंतेखाब आलम, मुकेश मंडल, अवधेश कुमार, सनम कुमार, विजय कुमार, प्रभु, अंजन, राहुल, कन्हैया, संजीव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

जहरीला पदार्थ खाने से किशोरी की हालत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

साहिबगंज शहर के जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र में जहरीला पदार्थ खाने से एक किशोरी की हालत बिगड़ी गई परिजनों ने फौरन इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की देरशाम जहरीला पदार्थ खाने से एक किशोरी की हालत बिगड़ गई। हालांकि इस संबंध में परिजन ने कुछ भी बताने से इनकार किया।

सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल

साहिबगंज। जिले के बरहेट थाना क्षेत्र अंतर्गत हाथमारी में सड़क दुर्घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया घायल युवक को बीते रात सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात बाइक की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल बरहेट थाना क्षेत्र के हाथमारी के ही रहने वाला बबलू बेसरा(35) है। घायल ने बताया कि वे अपने घर के पास ही बाइक से उतर रहा था। इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आते बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। इसमे युवक के सिर, चेहरा समेत शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है। वही घायल का इलाज सदर अस्पताल में डॉक्टर के देखरेख में चल रहा है।

धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व

बरहरवा। नगर सहित देहात में महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शिवालयों में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। महिला पुरुष व बच्चों ने भी भगवान शिव का जलाभिषेक कर प्रार्थना की। भक्तों द्वारा लगाए गए बम बम भोले के जयकारों से शिवालय गूंज उठे। बुधवार सुबह से ही महाशिवरात्रि पर्व को लेकर लोगों में उल्लास देखा गया। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जल अभिषेक किया और प्रार्थना कर पर्व की शुरुआत की। श्रद्धालु भक्तिभाव क साथ बेलपत्र, धतूरा, भाग, पुष्प, फल से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। दूध व जल से भी शिवजी का अभिषेक किया गया।मंदिरों में श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहा। नगर के मेन रोड बोहरा शिव मंदिर, पतना चौक स्थित नये शिव मंदिर, कुशवाहा टोला मंदिर जीआरपी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। महाशिवरात्रि पर्व के मद्देनजर मंदिरों को फूल मालाओं एवं लड़ियों से सजाया गया था। साथ ही भव्य रूप से विभिन्न शिवालय से शिव बारात भी निकाल गया! इस दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। मंदिरों पर पुलिस फोर्स तैनात किया गया ।

दो एक्सप्रेस ट्रेनों के लिए एकीकृत रेक लिंक की शुरूआत

संताल एक्सप्रेससाहिबगंज। पूर्वी रेलवे का मालदा डिवीजन ने 12349/12350 गोड्डा-नई दिल्ली-गोड्डा हमसफर एक्सप्रेस और 13423/13424 भागलपुर-अजमेर-भागलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस के रेक लिंक को एकीकृत करके एक महत्वपूर्ण उन्नयन को लागू कर रहा है। इस परिवर्तन के भाग के रूप में 13423/13424 भागलपुर-अजमेर-भागलपुर को संशोधित संरचना के साथ हमसफर एक्सप्रेस में अपग्रेड किया जाएगा। जो 06 मार्च 2025 से भागलपुर से तथा 08 मार्च 2025 से अजमेर से रवाना होगी। इससे यात्रियों के लिए समग्र यात्रा अनुभव में वृद्धि होगी। यह ट्रेन 22 कोचों के साथ चलेगी, जिसमें 19 3-टियर वातानुकूलित कोच शामिल हैं। यह परिवर्तन पूर्वी रेलवे के मालदा डिवीजन के यात्री सुरक्षा, आराम और आधुनिकीकरण प्रयासों को प्राथमिकता देने की निरंतर प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।इसके अतिरिक्त 13423/13424 भागलपुर-अजमेर-भागलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस से जारी एलएचबी रेक को 13429/13430 मालदा टाउन-आनंद विहार टर्मिनल-मालदा टाउन एक्सप्रेस के एलएचबी रूपांतरण के लिए पुनः उपयोग किया जाएगा। जिससे पूर्वी रेलवे के मालदा डिवीजन के चल रहे आधुनिकीकरण प्रयासों को समर्थन मिलेगा। यह पहल पूर्वी रेलवे के मालदा डिवीजन की यात्रियों की सुरक्षा, आराम और सेवा की गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, जो निरंतर बुनियादी ढांचे के उन्नयन के माध्यम से है। यात्रियों को भागलपुर-अजमेर-भागलपुर हमसफर एक्सप्रेस में अधिक आरामदायक और आधुनिक यात्रा के लिए उन्नत सुविधाओं का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। सभी ट्रेनें अपने मौजूदा मार्ग, समय और ठहराव के अनुसार चलेंगी।

10 करोड़ की लागत से योजनाओं का शिलान्यास

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज

साहिबगंज बुधवार को जिले के उधवा प्रखंड के दो अलग अलग जगहों में करीब दस करोड़ की लागत से दो योजनाओं का शिलान्यास हुआ।जिसमें करोड़ो की लगत से गंगा किनारे कटावरोधी कार्य का शिलान्यास राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा,राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने पूर्वी प्राणपुर पंचायत के गंगा नदी तट पर 7.54 करोड़ की लागत से गंगा नदी के दाएं तट पर पूर्वी प्राणपुर से श्रीधर कॉलोनी नंबर दस के बीच छः सौ मीटर कटाव निरोधक कार्य का शिलान्यास किया.उक्त योजना का शिलान्यास होने से अब गंगा किनारे बसे लोग भयमुक्त रहेंगे.यहां प्रतिवर्ष सैकड़ों घर व कृषि योग्य जमीन बाढ़ की चपेट में आते है.वर्षो से यहां कटाव निरोधक कार्य नहीं हुआ था.राजमहल सांसद विजय कुमार हांसदा ने कहा कि राज्य सरकार निरंतर विकास कार्य कर रहे हैं.सांसद ने आगे कहा कि गंगा किनारे सभी क्षेत्रों में विकास कार्य होगा.विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि आज छः सौ मीटर कार्य का शिलान्यास हुआ.आने वाले समय में अन्य सभी जगहों का भी कटाव निरोधक कार्य होना है.मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो मारुफ उर्फ गुड्डू,प्रखंड अध्यक्ष अय्यूब अली उर्फ बबुआ, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष तमरुद्दीन शेख,हारून रशीद,मो सावन, मुखिया जियाउल हक उर्फ शास्त्री,आताउर रहमानडॉ रूहुल अमीन,तजरुल हक, आताउर उर्फ टुनु, मेहबूब शेख, पंसस प्रतिनिधि हन्नान शेख. वहीं उधवा प्रखंड के पश्चिमी उधवा दियारा पंचायत अंतर्गत मनवारूल उलूम मदरसा में 2.88 करोड़ रुपए की लागत से 50 बेड का छात्रावास का राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने विधिवत फीता काटकर शिलान्यास किया.उक्त मदरसा में छात्रावास नहीं रहने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा.मौके पर विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने कहा कि अब लगातार क्षेत्रों में विकास ही होगी.कहा कि क्षेत्र में बहुत सारे कार्य अधूरे हैं जिसे पूरा करना है.छात्रावास का शिलान्यास होने से मदरसा का शिक्षक तथा स्थानीय लोगों ने विधायक का आभार प्रकट किया।

कहलगांव उत्तर वाहिनी गंगा से 54 फीट के कांवर में जल भरकर मिर्जाचौकी के शिव मंदिर में बाबा पर किया जल अर्पण

संवाददाता

मंडरो,साहिबगंज। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर बुधवार को कहलगांव चार धाम स्थित उत्तर वाहिनी गंगा घाट से शिव भक्तों के द्वारा 54 फुट के कांवर में जल भरकर 30 किलोमीटर की पैदल यात्रा करते हुए विक्रमशिला,शिवनारायणपुर, पीरपैंती,अम्मापाली होते हुए मिर्जाचौकी महादेववरण स्थित शिव मंदिर में बाबा पर जलाअर्पण किया गया।इस पैदल कांवर यात्रा में हजारों की संख्या में बच्चे महिला एवं पुरुष शिव भक्तों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। जहां कांवर यात्रा मिर्जाचौकी पहुंचने पर भक्तों के द्वारा उनका भव्य तरीके से स्वागत भी किया। वहीं शिव भक्तों के द्वारा बोल बम,हर हर महादेव के जयकारा से मिर्जाचौकी का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।जानकारी देते हुए शिव मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष रामनारायण भगत ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी कहलगांव के उत्तर वाहिनी गंगा से महाशिवरात्रि के अवसर पर 54 फुट की कांवर यात्रा निकाली गयी है।जिसमें हजारों कि संख्या में शिव भक्त इस कांवर यात्रा में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिये।साथ मे यह भी कहा कि कांवर यात्रा में भाग लिए शिव भक्तों के लिए अन्य शिव भक्तों के द्वारा रास्ते में चाय, पानी,शरबत एवं अन्य फलाहारी की व्यवस्था व्यवस्था कराई गई थी।मौके पर विजय महतो, मनीष साह,रामनाथ रजक,विवेक चौधरी,अमृत भगत,राजीव जयसवाल,वीरेंद्र शाह,मुन्ना वर्मा,अजय जयसवाल सहित कई शिव भक्त इस कांवर यात्रा को सफल बनाने में जुटे हुए थे।

महाशिवरात्रि पर शिव बारातियों का नगर भ्रमण

संताल एक्सप्रेससाहिबगंज बुधवार को जिला मुख्यालय में कई शिवालयों से गाजे बाजे के साथ शिव बारात ने पूरे नगर में भ्रमण किया।वही सुरक्षा की दृष्टिकोण के मद्देनजर नगर थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता अपने जवान कालिदास पाठक,अजय भगत,आनंद सिंह,सहित शिव बारात में शामिल होकर बारात का आनंद उठाते हुए अपनी जिम्मेदारी भी पूरी की।वही शिव बारात में जिला मुख्यालय क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति भी शिव भक्त के रूप में दिखाई दिए।

पुलिस से की मारपीट की शिकायत

साहिबगंज। नगर थाना क्षेत्र के हबीबपुर, पाइप रोड निवासी फूलमुनि देवी ने पुलिस को आवेदन देकर मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। दिए आवेदन में बताया की अपनी जमीन से पाइप ले जाने से मना करने पर मुन्ना तांती, सोनू तांती, साक्षी कुमारी व अन्य ने उसके साथ मारपीट की। उसके दामाद को भी मारा पीटा। पुलिस से बताने पर जान मारने की धमकी दी। पीड़िता ने प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानून कार्रवाई की गुहार लगाई है।

एक वारंटी गिरफ्तार

उधवा।राधानगर थाना पुलिस ने देर रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के प्राणपुर गांव में छापेमारी कर मारपीट मामले के नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। बुधवार को उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय ने बताया कि कांड संख्या 241/24 के नामजद आरोपी प्राणपुर निवासी मोजीबुर शेख के विरुद्ध थाना में मारपीट का मामला दर्ज है। उक्त आरोपी फरार चल रहा था। माननीय न्यायालय से उक्त आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर वारंट निर्गत जारी किया है। न्यायालय के निर्देश के आलोक में देर रात्रि गुप्त सूचना पर प्राणपुर गांव में पुलिस बलों को लेकर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान आरोपी मुजीबुर शेख को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद आरोपी को बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। छापेमारी दल में थाना प्रभारी नितेश कुमार पांडेय, एसआई पंकज दुबे आदि पुलिस बल शामिल थे।

विधायक ने एनसीडी क्लीनिक का किया उद्घाटन

उधवा/राजमहल।अनुमंडलीय अस्पताल राजमहल में बुधवार को एनसीडी क्लीनिक का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक एमटी राजा व अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ उदय टुडू ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुभारंभ किए। विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा बहाल करने को लेकर काफी गंभीर है। सकारात्मक सोच के साथ अनुमंडलीय अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाएं बहाल होगी जिससे क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठा सकेंगे। अनुमंडलीय अस्पताल की उपाधीक्षक डॉ उदय टुडू ने कहा कि एनसीडी क्लीनिक के माध्यम से सर्वाइकल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर हाइपरटेंशन डायबिटीज का जांच किया जाएगा. क्षेत्र के लोग इस जांच के लिए राज्य के बड़े शहर जाते थे अब यह जांच राजमहल में ही उपलब्ध है. उन्होंने कहा कि आपातकालीन से जुड़ी अस्पताल में सभी दवाएं एवं सामग्री उपलब्ध है।

सड़क दुर्घटना में तीन घायल, एक गंभीर

उधवा। राजमहल -उधवा मुख्य सड़क मार्ग में बुधवार को तीन बजे सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायल राधानगर थाना क्षेत्र के बताए जा रहे है। घायलों में हाफिज रबीउल इस्लाम(45) अल्ताफ शेख (17) व हाफिज कौशर शेख (16) शामिल है। सभी पलाश गाछी निमाई टोला गांव के है। जानकारी के अनुसार राजमहल थाना अंतर्गत फुलबरिया में देर रात्रि जलसा का आयोजन किया गया था। इस दौरान हाफिज रबीउल इस्लाम(45) अल्ताफ शेख (17) व हाफिज कौशर शेख (16) तीनों मोटरसाइकिल पर सवार होकर जलसा में शामिल होने गया था। जलसा समाप्त कर बुधवार को सुबह 3 बजे तीनों घर लौट रहे थे। तभी मोटर साईकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटना हो गया। इस हादसे में तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में परिजनों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि इस हादसे में घायल एक युवक की हालत नाजुक होने के कारण उसे बाहर रेफर कर दिया गया है।

मजदूर संघ ने पंचायत कमिटी गठन को लेकर की बैठक

संताल एक्सप्रेस साहिबगंज बुधवार को जिले के बोरियो प्रखंड के पंचायत सचिवालय बड़ा मोतीपहाड़ी में झारखंड मजदूर संघ(प्रजा) के प्रखंड सहायक मंत्री मैसा पहाड़िया की अध्यक्षता में पंचायत कमेटी गठन को लेकर बैठक हुई।इस बैठक में केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव एवं केंद्रीय उपाध्यक्ष फूल कुमारी देवी उपस्थित हुए।बैठक में पंचायत कमिटी का गठन किया गया।जिसमें अध्यक्ष जार्ज पहाड़िया,कार्यकारी अध्यक्ष मेशा पहाड़िया,उपाध्यक्ष दिवी लाल हेंब्रम,उपाध्यक्ष छोटा बबलू पहाड़िया,संयुक्त मंत्री मैसा पहाड़िया,सहायक मंत्री बड़ा सूरज पहाड़िया और मैसा पहाड़िया,संगठन मंत्री पलटन किस्कू,कार्यालय मंत्री चुलवा पहाड़िया,कोषाध्यक्ष मैसा पहाड़िया,सदस्य बड़ा चमड़ा पहाड़िया को बनाया गया।बैठक को संबोधित करते हुए संघ के केंद्रीय महामंत्री राजकुमार यादव ने कहा कि मानव तस्करी के नाम पर रोजगार देने की बात आती है तो एजेंट के द्वारा ऐसे झांसा में ना पड़े,अगर इस तरह की बातें होती है तो सीधे तौर पर जिला प्रशासन को सूचना दें।मौके पर मुखिया बाबूराम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

तेज रफ़्तार बाइक ने साइकिल को मारी जोरदार टक्कर,चार घायल

संताल एक्सप्रेससाहिबगंज। जिले के राजमहल में भीषण सड़क दुर्घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चारों घायलों को इलाज के लिए साहिबगंज सदर अस्पताल में भर्ती कराया बताया जा रहा है कि राजमहल प्रखण्ड के चंडीपुर में बुधवार को तेज रफ्तार बाइक ने एक साइकिल सवार वृद्ध को जोरदार टक्कर मार दिया। इसमे साइकिल सवार वृद्ध समेत बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। आस-पास के लोगो की मदद से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। घायल में साइकिल सवार वृद्ध राजमहल थाना क्षेत्र के शोभापुर के रहने वाले सीताराम मंडल(55) है। जबकि बाइक सवार घायल में हरिश्चंद्रपुर के छोटन दास(30), आकाश मंडल(24) व ऋतिक मोहाली (19) है। घायल वृद्ध ने बताया कि वे चंडीपुर से काम करके साइकिल से अपने घर लौट रहा था। इसी बीच सामने से तीन बाइक सवार तेज रफ्तार से आते बाइक में टक्कर मार दिया। इसमे उसका साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गया है। जबकि बाइक सवार तीनो यूवक भी घायल है। वही सभी घायल का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

शिवरात्रि के मौके पर निकाली गई कलशयात्रा

संताल एक्सप्रेस उधवा। पूरे जिले के साथ उधवा प्रखंड में मंगलवार को शिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न शिवालयों में भगवान शिव की पूजा और आराधना के लिए विशेष रूप विधि विधान से माता पार्वती और शिव का विवाहोत्सव मनाया गया।इस अवसर पर, प्रखंड के विभिन्न गांवों बेगमगंज, गोबर गाड़ी, राधानगर,आतापुर, उधवा,सुतियारपाड़ा, जोंका,फुदकीपुर सहित अन्य हिस्सों में भगवान शिव के मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवान शिव के मंदिरों में विशेष पूजा और आरती का आयोजन किया गया है।शिवरात्रि के अवसर पर, लोगों ने भगवान शिव की पूजा करने के साथ-साथ व्रत भी रखा।इस दौरान आतापुर, बेगमगंज, श्रीधर दियारा, मोहनपुर सहित अन्य गांव में कुंवारी कन्याओं ने कलशयात्रा निकाली।सिर पर कलश रखकर गंगा जी का पानी लेकर पूरे गांव का परिक्रमा कर पुनः शिव मंदिर में आकर प्रतिष्ठापित किया गया। इस शिव भक्तों ने शिव के जयकारे लगाते आगे बढ़ रहें थे। वहीं भोजपुरी भक्ति एवं फिल्मी गानों के धुन में जमकर डांस किया। पूरा क्षेत्र भक्तिमय रस में डूबा रहा।लोगों ने भगवान शिव की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। इधर शिवरात्रि के अवसर पर प्रखंड के आतापुर सरस्वती पूजा मंदिर प्रांगण में तीन दिवसीय 24 पहर लीला संकीर्तन का अधिवास बुधवार से आरंभ होकर तीन दिनो तक चलेगी। जिसमें बिहार बंगाल के कलाकार भगवान कृष्ण के जीवन लीला प्रस्तुत करेंगे।

बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में कैदी ने की खुदकुशी, परिजनों का हंगामा

रांची। रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में बुधवार को एक कैदी ने खुदकुशी कर ली। घटना के मुताबिक कैदी ने अपने सेल में खुदकुशी की कोशिश की थी, जिसके बाद उसे जेल प्रशासन ने अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत कैदी की पहचान सिकंदर अंसारी के रूप में हुई है। वह कांके थाना क्षेत्र के हुसीर गांव का रहने वाला था। सिकंदर अंसारी साल 2017 से पत्नी की हत्या के आरोप में जेल में बंद था।जेल प्रशासन की ओर से परिजनों को जो जानकारी दी गई है, उसके अनुसार सिकंदर अपने सेल में आत्महत्या की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान कक्षपाल की नजर उस पर पड़ी, जिसके बाद कक्षपाल उसके पास गया और उसे बचाने के लिए आनन-फानन में रिम्स ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हत्या का आरोप लगाकर परिजनों ने रिम्स में हंगामा किया।

बैंक ऑफ़ अमेरिका की ग्लोबल रिपोर्ट में भारत का शेयर बाजार निचले स्तर पर

हाल ही में बैंक ऑफ अमेरिका ग्लोबल रिसर्च के एक सर्वेक्षण में भारतीय शेयर बाजार को एशिया के प्रमुख बाजारों में निचले स्थान में रखा गया है। यह रिपोर्ट 205 फंड मैनेजर्स के सर्वे पर आधारित है। यह 205 फंड मैनेजर 482 बिलियन डॉलर की संपत्ति का प्रबंधन करते हैं। दुनिया भर के शेयर बाजारों में उनके द्वारा निवेश किया जाता है। इस सर्वे के अनुसार, 205 फंड मैनेजरों ने जापान, ताइवान और चीन को निवेशकों की पहली पसंद माना है। जबकि भारत को थाईलैंड के ठीक ऊपर, सूची के निचले क्रम से द्वितीय स्थान पर रखा गया है। सेकंड लोएस्ट रैंकिंग से भारत के शेयर बाजार की स्थिति को दर्शाया गया है। यह स्थिति निवेशकों और भारत के नीति निर्माताओं के लिए एक चिंताजनक संकेत है। भारत के शेयर बाजार की गिरावट मुख्य रूप से शेयर बाजार में पिछले 5 महीनों में आई अस्थिरता और वैश्विक पूंजी प्रवाह में बदलाव के कारण हुई है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफसेकंड) द्वारा भारतीय बाजार में लगातार बिकवाली ने बाजार की धारणा को कमजोर किया है। देसी और विदेशी निवेशकों का रुझान भारतीय शेयर बाजार से पूरी तरह से खत्म होता जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर, ताइवान का शेयर बाजार मजबूत सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री और चीन अपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल क्षेत्र में तेज प्रगति के कारण दुनियाभर के निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। जापान की स्थिर नीतियां का आकर्षण जापान के शेयर बाजार की स्थिरता निवेशकों की पहली पसंद जापान के शेयर बाजार को मजबूती प्रदान कर रहे हैं। यह रिपोर्ट पूरी तरह से भारत की दीर्घकालिक संभावनाओं को लेकर जो कहा जा रहा है। उसमें वर्तमान के ऊपर ज्यादा ध्यान दिया गया है भविष्य में क्या होगा इसको लेकर रिपोर्ट में अनिश्चितता बनी हुई है। भारतीय अर्थव्यवस्था अभी 7प्रतिशत की विकास दर बनाए रखने की ओर अग्रसर है। निवेशकों को इस पर ज्यादा भरोसा नहीं है। भारतीय शेयर बाजार के लिए यह सबसे बड़ा संकट है। यदि आगामी तिमाही में कंपनियों के वित्तीय परिणाम मजबूत आते हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति यदि सरकारी और कंपनियों के दावे के अनुसार बनी रहती है। ऐसी स्थिति में भारत दोबारा निवेशकों की प्राथमिकता बन सकता है। भारत का युवा कार्यबल, बढ़ता उपभोक्ता बाजार और मजबूत स्टार्टअप के इको सिस्टम की लंबी अवधि देखने को मिलेगी तभी भारतीय शेयर बाजार पर विदेशी निवेशकों का भरोसा बनेगा। अभी यह भरोसा पूरी तरह से गड़बडाया हुआ है, जिसके कारण भारतीय शेयर बाजार विदेशी निवेशकों के लिए अंतिम पायदान में पहुंच गया है। सरकार और नियामक संस्थाओं को इस रिपोर्ट को एक चेतावनी के रूप में देखना होगा। भारत में विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत सुधारों की आवश्यकता है। खासकर विनिर्माण और प्रौद्योगिकी क्षेत्र में विशेष ध्यान देने की जरूरत है। भारतीय शेयर बाजार और भारतीय अर्थव्यवस्था पर विदेशी निवेशकों का भरोसा हो इसके लिए आंकड़ों में पारदर्शिता लानी होगी। सेबी की कार्यप्रणाली में भी सुधार करना होगा। निवेशकों का विश्वास भारतीय शेयर बाजार अर्थव्यवस्था और बैंकिंग सिस्टम पर बनाए रखने के लिए शेयर बाजार में स्थिरता का वातावरण पैदा करना होगा। सरकार के नियम कानून एवं विदेशी निवेश नियमों में पारदर्शिता एवं स्थाई कानून की आवश्यकता होगी। अभी दुनिया भर में यह संदेश है कि भारत सरकार बहुत जल्दी अपने नियमों को बदल देती है, जिसके कारण बाजार में अफरा-तफरी का माहौल है। यह रिपोर्ट भारतीय शेयर बाजार के लिए एक चेतावनी है। भारतीय निवेशकों को भी सतर्क रहने की जरूरत है।

जर्मनी की नई सरकार के साथ नए संबंध बनाने की भारत को पहल करनी होगी

अशोक भाटिया

जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज आम चुनाव हार गए हैं। उनकी सोशल डेमोक्रेट्स पार्टी 630 सीटों में से सिर्फ 121 सीटें ही जीत पाई है। उसे सिर्फ 16.5त्र वोट ही मिले हैं। चांसलर शोल्ज ने हार स्वीकार कर ली है। उनकी पार्टी चुनावी नतीजों में तीसरे पायदान पर पहुंच गई है।कंजर्वेटिव विपक्षी नेता फ्रेडरिक मर्त्ज की क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन पार्टी के गठबंधन ने 208 सीटों पर जीत दर्ज की है। उसे 28.5त्र वोट हासिल हुए हैं।चुनाव में दूसरी सबसे बड़ी जीत कट्टर दक्षिणपंथी पार्टी को मिली है। इस पार्टी को 151 सीटों पर जीत मिली है। पार्टी को 20.8त्र वोट मिले हैं। दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहली बार जर्मनी में किसी कट्टरपंथी दक्षिणपंथी पार्टी ने इतनी सीटें जीती हैं।जर्मनी में बहुमत के लिए 315 सीटें चाहिए, और कोई भी पार्टी अकेले यह आंकड़ा छूती नहीं दिख रही। इसलिए गठबंधन सरकार बनना तय माना जा रहा है।

जर्मनी में चुनाव में बहुमत के साथ सत्ता में आने के दो साल बाद सात दशक बीत चुके हैं। कम से कम पिछले साठ वर्षों से, जर्मनी एक निरंतर बहुदलीय गठबंधन सरकार का सामना कर रहा है। इस देश में ऐसा कोई नहीं है जो कहता हो कि स्पष्ट बहुमत स्थिरता है और स्थिरता ही प्रगति है, और अगर ऐसा होता भी तो लोगों ने विश्वास नहीं किया होता। हाल के मध्यावधि चुनावों में भी, मतदाताओं ने %हर किसी को गठबंधन पसंद है% की परंपरा का पालन किया और एक पार्टी को निश्चित बहुमत मिलेगा। नहीं दिया गया। पूरी दुनिया इस चुनाव को देख रही थी। ऐसा इसलिए था क्योंकि अति-प्रतिगामी नाजी-दक्षिणपंथी, धुर-दक्षिणपंथी ने हाल ही में देश में लहरें बनाई हैं, और इसने जर्मनी में एक सरकार की तस्वीर बनाई है, जैसा कि हंगरी और अन्य यूरोपीय देशों में है, जिसने एक हवा बनाई है कि कट्टरपंथी, नस्लवादी, नस्लवादी अल्टरनेटिव फॉर ड्यूशलैंड (एएफडी) पार्टी को वास्तव में बहुमत मिलता है या नहीं। फ्रांस में मैरी ले पेन की धुर दक्षिणपंथी पार्टी की तरह, यह जर्मनी में बढ़ रही थी। फ्रांस की तरह जर्मनी में भी पार्टी का वोट शेयर बढ़ा. लेकिन वह फिर भी सरकार बनाने से दूर रहेंगे। यह सराहनीय है कि जर्मनों ने, फ्रांसीसी की तरह, यह विवेक दिखाया। एएफडी को लगभग 19 प्रतिशत वोट के साथ दूसरा सबसे बड़ा वोट मिला, और क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) पार्टी सबसे अधिक, लगभग 29 प्रतिशत वोट के साथ आगे बढ़ी, सीडीयू के फ्रेडरिक मर्ज़ अब नई गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं - जर्मनी के चांसलर।

मर्ज़ एंजेला मर्केल की सीडीयू पार्टी से संबंधित हैं, लेकिन मर्ज़ और मर्केल एक-पार्टी हैं, लेकिन उनका राजनीतिक दर्शन पूरी तरह से समान नहीं है। मर्ज़ आर्थिक विचारों पर मर्केल के साथ संबंध साझा करते हैं लेकिन सांस्कृतिक मुद्दों पर मर्केल से अलग हैं। वह आव्रजन पर मर्केल की तरह उदार नहीं हैं। वह नहीं चाहते कि जर्मनी आप्रवासियों के लिए धर्मशाला बने। देश अप्रवासियों के लिए सभी के लिए एक स्वतंत्र नीति का अनुभव कर रहा है। इसमें बढ़ती बिजली और ईंधन की बढ़ती कीमतें शामिल हैं क्योंकि हम परमाणु ऊर्जा से मुंह मोड़ लेते हैं। इसलिए मर्ज़ विभिन्न नीतियों को लागू करना चाहता है। रूस के बारे में उनकी और मर्केल में जो समानता है, वह है। मर्केल ने अक्सर पुतिन के रूस को घेरा है, और मर्ज़ भी रूस से दूर रहना चाहते हैं। वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के विरोधी भी हैं, जो रूसी राष्ट्रवादी बन गए हैं। वास्तव में, मर्ज़ की अमेरिकी कंपनी में मृत्यु हो गई। वह दुनिया के सबसे शक्तिशाली अमेरिकी वित्तीय संस्थानों में से एक, ब्लैकरॉक के एक वरिष्ठ अधिकारी हैं, लेकिन वह जर्मन हित के मुद्दों पर अमेरिकी नीति के विरोधी हैं और मानते हैं कि ट्रम्प यूरोप समर्थक नहीं हैं। इतना ही नहीं। उन्होंने सबसे पहले जर्मनी को संयुक्त राज्य अमेरिका से दूर ले जाने के बारे में एक बयान दिया और पहली चर्चा परमाणु रक्षा पर ब्रिटिश प्रधान मंत्री कीर स्टारर के साथ हुई। जर्मनी यूरोप की सबसे शक्तिशाली अर्थव्यवस्था है, उसके बाद फ्रांस है। अमेरिकी नहीं। फिलहाल, इंग्लैंड में लेबर पार्टी की सरकार भी अमेरिका से अलग-थलग रहकर काम करती दिख रही है। ब्रिटेन के स्टार्मर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की तरह मर्ज़ भी यूक्रेन के मुद्दे पर अमेरिका और रूस के सख्त विरोधी हैं. चुनाव परिणामों के बाद, मर्ज़ ने रूस के खिलाफ यूक्रेन और ज़ेलेंस्की के लिए अपना पूर्ण समर्थन घोषित किया। इसका मतलब है कि यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच की खाई उस दिशा में अधिक से अधिक बढ़ेगी। यह हाल के चुनाव द्वारा लाया गया सबसे बड़ा बदलाव है। ऐसा लगता है कि मर्ज़ की पार्टी-द्वष्ठ को सत्ता से बाहर रखने के लिए सत्तारूढ़ सोशल डेमोक्रेटिक यूनियन के साथ हाथ मिला रही है। कोई विकल्प नहीं है। सांस्कृतिक-राजनीतिक मुद्दों पर, सरकार जन-समर्थक नीतियों को अपनाएगी और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर पुराने मार्ग को अपनाएगी। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि जर्मनी, इंग्लैंड और फ्रांस संयुक्त राज्य अमेरिका के वर्तमान विरोध में हैं। ये नतीजे वैश्विक संबंधों में नए समीकरणों के संकेत दे रहे हैं।इससे पहले जर्मनी ने लंबे समय तक आर्थिक दिक्कतों का सामना 2000 के शुरुआती सालों में किया था. तब चांसलर रहे एसपीडी के गेरहार्ड श्रोएडर ने श्रम बाजारों के विवादित और कल्याणकारी सुधारों को लागू किया था जिनका लक्ष्य विकास को बढ़ावा देना था.तब की तरह वर्तमान में भी जर्मनी पर कुछ विशेषज्ञ ÷यूरोप के बीमार आदमी÷ का ठप्पा लगा रहे हैं. जर्मनी का विकास यूरोपीय संघ के दूसरे देशों से फिलहाल कम है. इनमें स्पेन और आयरलैंड जैसे वो देश भी शामिल हैं जिन्हें जर्मन राजनेताओं से अर्थशास्त्र पर व्याख्यान सुनना पड़ता था.

विशेष रूप से रक्षा के मुद्दे पर, न केवल जर्मनी; एक पूरे के रूप में यूरोप रक्षा में संयुक्त राज्य अमेरिका के कंधों पर अपने सिर के साथ चुप रहा। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, यूरोप ने रक्षा पर अपने पैरों पर खड़े होने की कोशिश नहीं की। इसलिए यूरोप में विभिन्न अमेरिकी ठिकानों पर लगभग दस लाख अमेरिकी सैनिक तैनात थे, और जर्मनी जैसे देश ने रक्षा तैयारियों के विषय को एक %विकल्प% के रूप में रखा। यह अब बदल जाएगा, खासकर इंग्लैंड और जर्मनी दोनों ने अपने रक्षा खर्च में काफी वृद्धि करने की कसम खाई है। इंग्लैंड को %परमाणु कवर% प्रदान करने का प्रस्ताव दिया गया है। यह एक महत्वपूर्ण बदलाव है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि यूरोप अब संयुक्त राज्य अमेरिका को अपना विश्वसनीय मित्र और भागीदार नहीं मानेगा । मर्ज़ ने उसी अर्थ में चुनाव के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका की आलोचना की। अमेरिका की रूस समर्थक, पुतिन समर्थक नीति यूरोप को स्वीकार्य नहीं है। संयुक्त राज्य अमेरिका से इस तरह के अलगाव का अर्थ है आर्थिक और रक्षा मुद्दों पर आत्मनिर्भर बनना। जर्मनी के निवर्तमान चांसलर शुल्त्स ने वास्तव में उस दिशा में कदम उठाना शुरू कर दिया था। जर्मनी हाल के दिनों में चीन के साथ बहुत व्यापार कर रहा है। इसके पीछे यही विचार था। ऐसा लगता है कि कई देशों की नीति है कि वे हर उस चीज को बंद कर दें जो अमेरिका विरोधी है। हालांकि, उस दिशा में अपने प्रयासों में, सरकार घरेलू आर्थिक और सामाजिक मुद्दों को संतुलित नहीं कर सकी, अपना बहुमत खो दिया, जिसके परिणामस्वरूप मध्यावधि चुनाव हुए।शायद ही कोई ऐसा महीना गुजरा हो, जिसमें उदार अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में संकट की स्थिति की घोषणा न की गई हो। 2016 में ट्रम्प प्रशासन की शुरुआत के बाद से इन घोषणाओं आवृत्ति और तीव्रता में वृद्धि हुई हैं; और वास्तव में, उदाहरण के लिए, यूक्रेन पर रूस के आक्रमण, चीन के अंतर्राष्ट्रीय संगठनों में विस्तार और अनैतिक प्रभाव, पेरिस समझौते से अमेरिका का बाहर होना, अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य निश्चित रूप से गहरे संरचनात्मक बदलावों से गुजर रहा है। घरेलू तौर पर, बढ़ते (पश्चिमी) राष्ट्रवाद और अंदरुनी स्थिति की ओर देखने की सामान्य प्रवृत्ति संभावित वैश्विक चुनौतियों के लिए सहयोग जुटाने की क्षमता के मामले में अंतरराष्ट्रीय माहौल को पूरी तरह से बदल देती है। इस प्रकार, वैश्विक संस्थानों को खतरे में देखते हुए वैश्विक सहयोग के साथ, छोटे बहुपक्षीय मंचों जैसे साझेदारी के अन्य रूप और अधिक महत्वपूर्ण हो जाते हैं, लेकिन इसके अतिरिक्त, अन्य रणनीतिक द्विपक्षीय संबंधों को भी बनाए जाने की आवश्यकता है, जिसके तहत गठबंधन थोड़ा लचीला हो सकता है। मेरा मानना है कि यह एक यथार्थवादी परिदृश्य है, जिसके भीतर भारत-जर्मनी संबंधों को भविष्य की दिशा देने के लिए निर्धारित किया जाएगा और शासनिक दृष्टिकोण से भी दोनों देशों ने पिछले कुछ वर्षों में पहले से कही अधिक इसपर ध्यान आकर्षित किया है। यह वास्तव में लगभग आम बात है कि पिछले दो-तीन वर्षों में भारत-जर्मन संबंधों में सुधार देखने को मिला है, हम इस संदर्भ में अंतर-सरकारी परामर्श का संदर्भ ले सकते हैं जो अभी हाल ही में पांचवीं बार नई दिल्ली में राष्ट्र-से-राष्ट्र सहयोग की मजबूत सिद्धांतिक नींव में आयोजित हुए हैं। ये परामर्श शामिल किए गए क्षेत्र-विशेष और लक्षित किए गए विशेष कारकों के संदर्भ में व्यापक हैं। इसके अतिरिक्त 30 अलग-अलग द्विपक्षीय परामर्श और संवाद हुए हैं जो विश्वास और उम्मीदों को स्थिरता देने में मदद करते हैं, उदाहरण के लिए ऊर्जा दक्षता पर जर्मन-भारत संगोष्ठी और जी-4 में भारत और जर्मनी का निकट सहयोग जहां दोनों राष्ट्र संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार सहित बहुपक्षीय प्रणाली को मजबूत करने तथा संयुक्त राष्ट्र के सुधार लाने के लक्ष्य के साथ मिलकर सहयोग करते हैं।1 दिल्ली में 1 नवंबर को 14 नए समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिसमें पहली भारत-जर्मनी वाणिज्यिदूतीय वार्ता, दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच नियमित बातचीत सहित, दोनों देशों के दोनों राष्ट्रीय फुटबॉल संघों के बीच सहयोग जैसे कई ÷लचीले÷ मुद्दों भी शामिल हैं।2 इससे पहले 2019 में, भारत जर्मनी की बहुपक्षवाद हेतु गठबंधन की पहल में शामिल हो गया है। भारत के साथ आर्थिक संबंध तेज हो गए हैं और भारतीय बाजार के खुलने से जर्मन निर्यात और विदेशी निवेश में लगातार वृद्धि हुई है, जिसने अब जर्मनी यूरोप में भारत का प्राथमिक व्यापारिक भागीदार बन गया है और इस दिशा में और आगे बढ़ सकता है ।

पाकुड़ की खबरें

मांझी परगना बैसी की बैठक में ग्राम प्रधान के साथ मारपीट, दो गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददाताअमड़ापाड़ा(पाकुड़)अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र के जामकनाली गांव में जमीनी विवाद को लेकर मांझी परगना बैसी की बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक की अध्यक्षता परगनेत समुदाय के वरिष्ठ लोगों द्वारा की गई, जो दो दिन तक चली। बैठक में दो अलग-अलग मामलों पर चर्चा हो रही थी—पहला मामला मायनो टुडू से संबंधित था, जबकि दूसरा विवाद मरांगमय हांसदा और कालेश्वर सोरेन के बीच था, जिसमें फ्रांसिस सोरेन भी दूसरे पक्ष के रूप में शामिल थे। ग्राम प्रधान ठाकुर मुर्मू द्वारा थाना में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, उन्हें जबरन बैठक में बुलाया गया और फिर जुर्माना लगाने के साथ ही बंधक बनाकर उनके साथ मारपीट की गई। इस घटना के बाद उन्होंने थाना में लिखित शिकायत दी, जिसके आधार पर पुलिस ने 23 नामजद अभियुक्तों सहित 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने अमड़ापाड़ा डाकबंगला के परगनेत मसूदी बेसरा और पाडेरकोला डाकबंगला के परगनेत सुनील हेम्ब्रम को बीती रात गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

मशीनरी दुकान में लगी आग सारा सामान जल कर हुआ खाक

महेशपुर (पाकुड़)थाना क्षेत्र के हाथीमारा मोड़ में अवस्थित असगर मियां के मशनिरी दुकान में आग लगने से हजारों का समान जल कर खाक हो गया द्य घटना के बावत पीड़ित व्यक्ति असगर मिया से मिली जानकारी के अनुसार वह मशनिरी समान का दुकान चलाता है और दुकान में बिजली का भी कनेक्शन ले रखा है और बुधवर को अचानक शर्टसर्किट के कारण दुकान में आग लग गई जिससे पूरा दुकान समेत दुकान का सारा सामान जल गया द्य आग लगने की खबर मिलते ही आसपास के लोग आनन फानन में एक जुट हो कर आग पर काबू पाया तबतक सबकुछ जल चुका था द्य इधर आग लगी पीड़ित व्यक्ति असगर मियां ने प्रशासन से छतीपूर्ती की मांग की है द्य

कोयला लदे चार बाइक जब्त

संताल एक्सप्रेस हिरणपुर (पाकुड़)।कोयले की अवैध कारोबार व परिवहन पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस द्वारा निरन्तर कार्रवाई की जा रही है। बुधवार की एसआई गोपाल कुमार महतो के नेतृत्व में पुलिसबल ने छापेमारी कर उपरबन्धा में कोयला लदे चार बाइक को जब्त किया गया। सभी कोयला लदे बाइक लिंक पथ निकट बाइक में कोयला लादकर देवपुर , सिउलीडांगा , उपरबन्धा होते हुए कोटालपोखर की ओर जा रहा था कि पुलिस ने सभी बाइक को रोका। इस बीच चारो बाइक चालक मौके से भाग निकला। सभी बाइक में करीब 20 क्विंटल कोयला लदा हुआ था। बताते चले कि कोयले की यह अवैध गोरखधंधा काफी वर्षो से बदस्तूर जारी है। वही पुलिस भी निरन्तर कार्रवाई कर रही है। बाइक के साथ साथ साइकिल में भी कोयले की ढुलाई कर ईंट भट्ठा में ले जाया जा रहा है। कोयले ढोने वाले अधिकांश बाइक चोरी के होने की अंदेशा बनी हुई है। इसको लेकर विभागीय रूप से यथार्त जांच होना आवश्यक है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी रंजन कुमार सिंह ने बताया कि कोयले की अवैध परिचालन व कारोबार किसी भी हालात में चलने नही दी जाएगी। छापेमारी कार्य निरन्तर जारी रहेगी।

सीओ ने जब्त किया पत्थर लदा ट्रेक्टर

हिरणपुर (पाकुड़)। अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बुधवार को हिरणपुर में बिना माइनिंग चालान के पत्थर लदे ट्रेक्टर को जब्त किया। पत्थर लदे ओभरलोड ट्रेक्टर सड़क से जा रहा था कि सीओ ने जांच के लिए रोका। जिसमे पत्थर से सम्बंधित माइनिंग चालान नही पाया गया। इस सम्बंध में सीओ ने बताया कि जब्त ट्रेक्टर को लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

गाजे बाजे के साथ निकली शिव बारात

संताल एक्सप्रेस संवाददाता पाकुड़ । बुधवार को महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पाकुड़ नगर , ग्रामीण क्षेत्र सहित जिले भर के शिवालयों में श्रद्धा भक्ति के साथ भक्तजनों को पूजा अर्चना करते देखा गया। प्रातः काल से ही भक्त भगवान भोलेनाथ की पूजा अक्षत चंदन धूप गंगाजल दूध बेलपत्र रोली चंदन धूप दीप फल फूल से करते देखा गया। शिवालयों में घंटा की ध्वनि से पुरा वातावरण भक्ति सागर में डूब गया। इस अवसर पर पाकुड़ नगर स्थित कूड़ा पड़ा शिव मंदिर, जटाधारी शिव मंदिर राजा पाड़ा, दूधनाथ मंदिर में धर्म जागरण, हरिनडंगा बाजार, पुलिस लाइन , ठाकुरबाड़ी मंदिर शिव शीतला मंदिर, काली भाषण मंदिर, भगत पाड़ा मंदिर, तांती पाड़ा मंदिर से भव्य दिव्य गाजे बाजे के साथ शिव बाराती निकली गई। शिव बारात में

में भूत प्रेत बेताल शामिल थे। ÷सज धज आई है बारात देखो भोले आया ÷ की धुन पर श्रद्धालुओं खूब नृत्य किया। नगर के तलवाडंगा स्थित महाकाल शिव मंदिर में महिलाओं द्वारा विशाल शिवलिंग पर फूल बेलपत्र से पूरी श्रद्धा भक्ति भाव से पूजन किया गया। जटाधारी मंदिर में आकर्षक विद्युत साज की गई एवं भव्य दिव्य बारात निकाली गई। प्रत्येक शिवालयों में जलाभिषेक ,रुद्राभिषेक ,भजन कीर्तन का आयोजन किया किया। बरतिया का स्वागत स्थानीय भक्तों द्वारा धूमधाम और हर्षोल्लास से किया गया। रात्रि में सहभोज का आयोजन किया गया। हिरणपुर प्रखंड में भी शिवरात्रि को लेकर प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न मंदिरों में भगवान शिव मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर हिरणपुर बजंरगवाली मंदिर कमिटी द्वारा भोलेनाथ की बारात निकाली गई। महेशपुर, पाकुड़िया, हिरणपुर, अमड़ा पाड़ा मैं भी भव्य दिव्य शिव बाराती निकल गई। सभी प्रखंड मुख्यालय में भक्त जनों द्वारा भगवान भोलेनाथ के मंदिर में भक्ति भाव से पूजा अर्चना करते देखा गया। काफी संख्या में स्त्री पुरुष एवं बच्चे धूप दीप नैवेद्य से भगवान भोलेनाथ की पूजा की एवं सुख समृद्धि की कामना की।

दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजित

संताल एक्सप्रेस महेशपुर (पाकुड़) प्रखंड के न्यू किसान क्लब मुर्गाडांगा के ओर से दो दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता आयोजन किया गया । प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो की युवा नेत्री उपासना मरांडी शामिल हुए । वही खेल कमिटी के अध्यक्ष नें जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रतियोगिता का फाइनल खेल 16 टीमों के बीच हुआ । फाइनल खेल का उद्घाटन मैच एफसी मोदी स्टार वनम एफसी सिमलजोड़ी के बीच हुआ ।इस फाइनल खेल का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने फुटबॉल को आसमान में उछाल कर किया ।जिसमे एफसी मोदी स्टार की टीम ने एफसी सिमलजोड़ी की टीम को एक गोल से पराजित कर विजेता बने ।वही प्रतियोगिता में विजेता टीम को 12 हजार रुपए एवं उपविजेता टीम को 10 हजार रुपए नगद देकर पुरुष्कृत किया गया। इस मौके पर सैकड़ो झामुमो कार्यकर्ता सहित सैकड़ों खेल प्रेमी मौजूद थे ।

तीन जरूरतमंद महिलाओं को मिला नया जीवन

पाकुड़ ।सोनाजोरी सदर अस्पताल मे इलाजरत धोबाडंगा के 27 वर्षीय गर्भवती महिला इसमोतारा बीबी को ए पॉजिटिव,हिरणपुर रानीपुर के 30 वर्षीय आहना खातून जो गर्भवती है उन्हें ए पॉजिटिव एवं हाथी पारा के 20 वर्षीय हसीना बीबी जो पाकुड़ नर्सिंगहोम मे है बी पॉजिटिव ब्लड कमी के कारण इलाज नहीं पा रहा था काफ़ी दिक्कत हो रही थीं डॉक्टर ने रक्त चढ़ाने को कहा ।मरीजों के परिजनों ने रक्तदाता खोजने का प्रयास किया लेकिन विफल रहा ।इंसानियत फाउंडेशन के सचिव बानिज शेख, परिवहन विभाग के कर्मचारी अज़हद आंसरी एवं सदस्य जुबैर से संपर्क किया।सभी ने अपने मित्रगणों को जानकारी साझा क़र रक्त अधिकोष जाकर रक्तदान किया कराया जिनमे जुबैर आलम, सोयब अहमद और हाबिल शेख रक्त दाता के रूप मे मौजूद रहे है ।परिजनों ने इंसानियत फाउंडेशन का शुक्रिया अदा किया रक्तदाताओ ने कहा कि बहुत अच्छा लगता है ज़ब किसी जरूरतमंदो क़ो अपना खून देकर मदद क़र पाते है आगे भी असहाय गरीब जरूरतमंद लोगों को रक्तदान। करता रहूंगा मौक़े पर सचिव बानिज शेख, एक्टिव सदस्य जुबैर शेख, नूर आलम, अलाउद्दीन शेख कर्मचारी नवीन कुमार और पियूष दास मौजूद रहे ।

बाबा बेलनाथ मंदिर में उमड़ी भीड़

पाकुड़।हिरणपुर प्रखंड क्षेत्र के हाथकाठी पंचायत में तेतुलिया स्थित बाबा बेलनाथ मंदिर में शिवरात्रि के शुभ अवसर पर भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा ।बाबा बेलनाथ मंदिर के अध्यक्ष प्रकाश यादव ने कहा कि तेतुलिया स्थित बाबा बेलनाथ मंदिर में हर वर्ष शिवरात्रि में और सावन में काफी संख्या में श्रद्धालु यहां आते है। यहां की सारी सुविधाएं ग्रामीण अपने प्रयास से ही करते हैं । जिला प्रसासन को इसपर पहल करनी चाहिए ताकि श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत नहीं हो । इस अवसर पर समिति के कोकिल यादव , नकुल यादव , जितेंद्र यादव , भागीरथ राय , देवेन्द्र पहाड़िया , सुधीर पहाड़िया आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

धूमधाम से मनाई गई महाशिवरात्रि

महेशपुर (पाकुड़)। प्रखंड क्षेत्र में महाशिवरात्रि धूमधाम से मनाई गई। मुख्यालय के हटिया पाड़ा में स्थित श्रीश्री 1008 बूढ़ा बाबा महेश्वर नाथ शिव मंदिर, ग्वालपाड़ा स्थित नागेश्वर नाथ शिव मंदिर, थाना स्थित शिव मंदिर समेत अन्य मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालु भक्तिभाव के साथ बेलपत्र, धतूरा, भाग, पुष्प, फल से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। दूध व जल से शिवजी का अभिषेक किया गया। दिनभर मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शाम को कई शिवालयों में शिव-पार्वती का सांकेतिक विवाह रचाया गया। साथ ही श्रृंगार पूजा की गई गई। मंदिरों में बज रहे शिवजी के भजन से पूरा मुख्यालय शिवमय हो गया।

वर्षों से जर्जर हालात में बंद पड़ा है खादी भंडार

संताल एक्सप्रेस जितेन्द्र दास हिरणपुर (पाकुड़)। हिरणपुर बाजार में स्थापित समग्र विकास परिषद खादी भंडार जर्जर अवस्था मे बन्द पड़ा हुआ है। अभी तक सम्बन्धित विभाग द्वारा इसकी जीर्णोद्धार को लेकर कोई पहल नही की गई है।वर्ष 1982 में समग्र ग्राम विकास परिषद की एक शाखा हिरणपुर में स्थापित किया गया था। जो करीब 2016 से बंद पड़ा हुआ है। भवन की स्थिति अत्यंत की जर्जर अवस्था मे है। छत भी काफी टूटकर बिखर चुका है। जिसमे बारिश के समय अंदर के भाग में पानी भर जाता है। जबकि यह खादी भंडार खुलने के साथ ही वर्षो तक काफी अच्छे ढंग से व्यापार कर रहा था। भंडार में काफी मात्रा में खादी कपड़ा का कारोबार होता है। लोगो का जमघट लगा रहता था , पर वर्तमान में भंडार की स्थिति नारकीय बन जाने से वीरान छाया हुआ है। इस सम्बंध में लिट्टीपाड़ा शाखा के सचिव कैलाश भंगत से सम्पर्क करने पर बताया कि भवन जर्जर हो जाने के कारण इसे बंद कर दिया गया है। इस मद में राशि उपलब्ध होने पर जीर्णोद्धार कार्य को किया जाएगा।इसको लेकर हेड ऑफिस मुंबई को पत्र भेजा गया है।खादी भंडार में व्यवसाय पूर्व में अच्छी होती थी , तसर साड़ी ,मलमली थान , कम्बल सहित गर्मी में पहनने वाले वस्त्र आदि स्थानीय रूप से बनाया जाता था। साड़ी आदि का डिजाइन के लिए बनारस भेजा जाता था। यहां से निर्मित वस्त्रों को रांची , गोड्डा , भागलपुर आदि जगहों में भेजा जाता था। बिडम्बना यह है कि जहां हम स्वदेशी अपनाओ की नारा बुलंद करते आ रहे है , पर स्वदेश में निर्माण की प्रयास करने वाले संस्थाओं की अवहेलना करने में लगा हुआ है। लोग आधुनिकता के होड़ मे महंगे फैशन व विदेशी कपड़ो पर ज्यादा आकर्षित दिख रहे है। जबकि स्वदेश में बने सस्ते व टिकाऊ कपड़ो को लेकर किसी प्रकार को सार्थक सोच नही रख रहे है।

सुख के समय भगवान का स्मरण करना न भूले : सुश्री अनन्या शर्मा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता हिरणपुर (पाकुड़)। दुखः कष्ट के वक्त लोग भगवान को हर पल याद करते है , पर सुख के समय स्मरण करना भूल जाते है। जबकि भगवान को सुख -दुख हर पल भजना चाहिए। चिंताहरण महादेव भागवत समिति चौकिढाप द्वारा आयोजित संगीतमय भागवत कथा सह ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिवस मंगलवार शाम को उपस्थित श्रोताओं के बीच प्रवचन देते हुए मध्यप्रदेश से पधारे कथावाचक अनन्या शर्मा ने कही। कथा को लेकर काफी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे। दुखः में सुमिरन सब करे , सुख में करे न कोई की उक्ति को विश्लेषण करते हुए कथावाचक ने कही की भगवान ही हमारी तारणहार है , इनकी स्तुति हर पल करना है। गीता में उल्लेख है कि अर्जुन ने श्रीकृष्ण को गुरु का स्थान दिया था। जो हर समय पांडवो को उपदेश देते रहता था , पर युधिष्ठिर को यह उपदेश समझ मे नही आ रहा था। इस बात की ज्ञात श्रीकृष्ण को हो गया था। इसको लेकर पांडवो को भीष्म पितामह के पास ले जाने की बात कही। पांडवो के साथ साथ द्रोपदी को भी जब ले गया , वहां भीष्म पितामह वाणों की सैया में पड़े हुए थे। उन्होंने प्रवचन देते हुए आगे कही की जब श्रीकृष्ण ने भीष्मपितामह से पांडवो को उपदेश देने की बात बोला तो कहा कि आप तो स्वंय ज्ञानी है। तब भीष्म ने कहा कि खूब धन कमाओ , पर कमाए गए धन की 10 वा भाग दान करो। दान देने से धन पवित्र होता है व भजन करने से मन। कभी भी अपने आखों के सामने अन्याय होते मत देखो, सामर्थ है तो अन्याय का प्रतिवाद करो। इस बीच द्रोपदी हंस पड़ी। तब भीष्म पितामह ने कहा कि कुलवती स्त्री कभी लोगो के सामने नही हंसती । इसमे जरूर कुछ महत्वपूर्ण कारण है। उपदेश देना तो अति सहज है पर इसे जीवन मे उतारना उतना ही कठिन। जब कौरवों की राज दरबार मे द्रोपदी की चीरहरण हो रहा था तो क्यो नही रोका गया। इस पर सभी ने कहा कि पाप देखा है।

महाशिवरात्रि : बाबा मंदिर में उमड़ी भीड़, डीसी ने किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर । महाशिवरात्रि को लेकर अहले सुबह से बीएड कॉलेज,तिवारी चौक, क्यू कॉम्प्लेक्स, नेहरू पार्क, शिवराम झा चौक के अलावा मंदिर आस-पास के क्षेत्रों का अवलोकन कर विधि-व्यवस्था व देवतुल्य श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बाबा मंदिर प्रांगण व आसपास के क्षेत्रों में प्रतिनियुक्त पुलिस के जवानों व दंडाधिकारियों की टीम को निदेशित किया गया कि भागदौड़ की स्तिथि न बने इसका विशेष रूप से ध्यान रखें। साथ ही कतारबद्ध तरीके से श्रद्धालुओं के सुगम जलार्पण में उनका सहयोग किया जाए। इसके अलावे निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि के अवसर रात से ही श्रद्धालु रुटलाइन में कतारबद्ध होकर जलार्पण का इंतजार करते दिखे। वहीं जिला प्रशासन द्वारा महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालुओं की होने वाली अप्रत्याशित भीड़ को लेकर पहले से हीं श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए पूरी तैयारी दुरूस्त कर ली गई थी, ताकि श्रद्धालुओं आसानी से बाबा बैद्यनाथ का जलार्पण कर एक अच्छी अनुभूति लेकर अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर सके। वही देवतुल्य श्रद्धालुओं हेतु सभी आवश्यक सुविधाओं के अलावा सूचना केंद्र,शौचालय व पेयजल व्यवस्था, बैरिकेडिंग, दंडाधिकारी व जगह-जगह पर पुलिस के जवानों की भी प्रतिनियुक्ति की गयी है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। आगे उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गई कि महाशिवरात्रि के अवसर पर भीभीआईपी एवं ऑउट ऑफ टर्न दर्शन पर पूर्ण रूप से रोक है। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर 600 रुपये शुल्क के साथ शीघ्र दर्शनम कूपन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई हैं। वही सरकारी पूजा के पश्चात 04ः30 मिनट से देवतुल्य श्रद्धालुओं के जलार्पण हेतु बाबा बैद्यनाथ का पट खोला गया।

इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी देवघर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, मंदिर प्रबंधक, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

बासुकीनाथ मंदिर के गर्भ गृह में लगाया गया बिछावन

संवाददाता

जरमुंडी । महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर बाबा बासुकीनाथ मंदिर में भोलेनाथ के रात्रिविश्राम हेतु बिछावन लगाया गया है। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। परंपरा के अनुसार बाबा बासुकीनाथ के विश्राम करने के लिए मंदिर के गर्भ गृह में महाशिवरात्रि से पलंग और बिछावन लगा दिया गया है। यह पलंग और बिछावन आगामी फाल्गुन पूर्णिमा तक लगा रहेगा। लोकपरंपरा और मान्यतानुसार महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर बाबा बासुकीनाथ और मैया पार्वती का धूमधाम से विवाह कराया जाता है।शिवविवाह के पश्चात घूंघट और मर्यादा की रस्म के बाद भोलेनाथ और मैया की विदाई होती है।नगर परिक्रमा के बाद बाबा और मैया मंदिर प्रांगण में बनाए गए कोहबर में एक पक्ष के लिए संग निवास करने जाते है। इसी उपलक्ष्य पर शिव शक्ति के रात्रि विश्राम हेतु प्रधान बाबा मंदिर में पलंग और बिछावन लगाया जाता है। मान्यता है कि बाबा एवं मैया पार्वती कुल 15 दिनों तक कोहबर में ही रहेंगे और होली पूर्णिमा पर अपने अपने निज मंदिर लौटते हैं। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है।

भोलेनाथ के विवाह में शहनाई की धुन ने बांधा शमां

बनारस निवासी मोहम्मद काजिम हुसैन के शहनाई की धुन पर पूरी हुई वैवाहिक रस्में

संवाददाता

जरमुंडी । भगवान शिव की नगरी काशी से प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी 84 वर्षीय मोहम्मद काजिम हुसैन ने बासुकीनाथ पहुंचकर शहनाई वादन कर विवाहोत्सव की समा बांधी। भोलेनाथ के विवाहोत्सव म

काज़िम हुसैन के शहनाई वादन के बिना विवाह की रस्मों में मानो एक खालीपन सा होता है। बुधवार को बनारस से बासुकीनाथ तक की लंबी यात्रा के बाद भी भी चेहरे पर थकान नही, हर्षित मन से शहनाई पर विवाह की धुन छेड़ी। महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार की दोपहर बासुकीनाथ पहुंचते ही तुरंत साजो सामान निकालकर पूरी तल्लीनता से शहनाई बजाने लगे। दो - तीन अलग अलग धुन निकालने के बाद फुर्सत मिलते ही कहा। भोलेनाथ की भक्ति खींच लाती है। वरना इस उम्र में यह सफर व कार्य कतई मुनासिब नही थी। कहा यहां शहनाई वादन से मन को काफी सुकून मिलता है। बासुकीनाथ में शहनाई वादन करना अपना सौभाग्य मानते है काजिम हुसैन। काजिम बताते है मेरे बाद मेरे वारिसान निभाएंगे इस परंपरा को। बता दें की बासुकीनाथ में प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि में शहनाई वादन करने वाले काजिम हुसैन व उनके शागिर्दों की शहनाई की धुन पर शिव विवाह की सारी रस्में पूरी हुई। बुधवार को शिव विवाह के अवसर पर मोहम्मद काजिम हुसैन एवं उनके शागिर्दों के द्वारा छेड़ी गई शहनाई की धुन ने भक्तों को अभिभूत कर दिया। मोहम्मद काजिम हुसैन के द्वारा पिछले कई वर्षों से महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ का विवाह संपन्न कराने के पश्चात दूसरे दिन मर्यादा एवं घूंघट की रस्मों के बीच भी अपनी कला के माध्यम से सामाजिक समरसता एवं भाईचारे के संदेश को देने का कार्य कर रहे हैं। बाबा बासुकीनाथ की मुस्लिम भक्त बनारस के सराय सीता वराय वाराणसी नगर निगम निवासी मोहम्मद काजिम हुसैन के द्वारा शहनाई वादन में उसके साथ शहनाई में महेश्वर हुसैन, तबला में नजाकत हुसैन, हारमोनियम पर मोहम्मद की जुगलबंदी के द्वारा तबला, हारमोनियम, झांझ, तानपुरा बजाते समय एक अजीब सा शमां बना देते हैं।

जरमुंडी : दानीनाथ मंदिर में देवी देवताओं और भूत प्रेतों के साथ निकली शिवबारात की झांकी

जरमुंडी । सुविख्यात बाबा बासुकीनाथ धाम और इसके इर्द-गिर्द जरमुंडी प्रखंड क्षेत्र में अवस्थित विभिन्न प्रसिद्ध शिवमंदिरों में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर शिवविवाह की धूम रही। इस क्रम में शिव बारात में शामिल होने के लिए भक्त मंडली हजारों हजार की बड़ी तादाद में जरमुंडी बाजार से निकलनेवाली बारात झांकी में शामिल हुए। जरमुंडी ऊपर बाजार स्थित प्रसिद्ध दानी नाथ मंदिर में महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर शिव बारात का भव्य आयोजन किया गया। शिवविवाह के लिए भूत भावन भगवान भोलेनाथ की बारात में भूत प्रेत,बेताल,देवी देवता,दैत्य राक्षस और शिवगणों की विराट और मनोहक भव्य झांकी निकली। बाबा दानीनाथ महादेव रथ पर सवार थे,जिसमें दो अश्व रथ को खींचते हुए आगे आगे चल रहे थे। पीछे-पीछे शिव को अभीष्ट माननेवाले बारातियों की फौज शिवविवाह के लिए उतावले होकर चल रहे थे। आकर्षक विद्युत साज साज के बीच गाजे -बाजे के विराट तामझाम से निकली नयनाभिराम शिवबारात की झांकी को एक बार निहारने के लिए जरमुंडी हाई स्कूल चौक, नीचे बाजार से लेकर बजरंगबली मोड और ऊपर बाजार तक करीब 6 से 7 किलोमीटर तक सड़क के दोनों किनारे श्रद्धालु स्त्री पुरुषों की भारी भीड़ टकटकी लगाए खड़ी थी। दूल्हा बने भोलेनाथ को अश्वयुक्त रथ में निहारने के बाद श्रद्धालुओं की निगाहें बारात में शामिल देवी देवताओं, भूत प्रेत, दैत्य राक्षस, ऋषि-मुनि और शिवगणों की विशाल पलटन को अविराम देखने की लालसा हो रही थी।

क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में धनबाद ने जामताड़ा को 273 रनों के बड़े अंतर से दी मात

दुमका । झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे जिला स्तरीय अंडर 23 क्रिकेट प्रतियोगिता के लीग मैच में बुधवार को धनबाद ने जामताड़ा को 273 रनों के बड़े अंतर से पराजित कर दिया एटीएम क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में धनबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और मैन ऑफ़ द मैच कुनैन कुरैशी के धुआंधार 12 छक्के और 16 चौके की मदद से नाबाद 161 तथा 12 चौके और एक छक्के की मदद से अनुराग सिंह के नाबाद 100 रनों की बदौलत 50 ओवर में तीन विकेट खोकर 353 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया जामताड़ा की ओर से ऋतिक ने दो और आदित्य ने एक विकेट लिए जवाबी परी खेलने उत्तरी जामताड़ा की टीम 19 वे ओवर में महज 80 रनों पर ही ढेर हो गई धनवाद की ओर से गेंदबाजी करते हु? मोहित ने तीन चंदन राजवीर और अमित ने दो-दो विकेट प्राप्त किए द्य इस मौके पर जेएससीए के टीआरडीओ बृजेश राय, निर्णायक अजय पाठक, अरबिंद कुमार सिंह, स्कोरर सौमित सामनता, जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी के अलावा काफी संख्या में खेल प्रेमी दर्शक उपस्थित थेद्य

देवघर- आपसी विवाद में मारपीट, कुल्हाड़ी और लाठी-डंडे से हमला, तीन घायल

देवघर। जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र के राजाडीह गांव में आपसी विवाद को लेकर हुए मारपीट में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को परिजनों ने आनन-फानन में देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है। इस घटना में घायल हुए व्यक्तियों की पहचान प्रमोद कुमार दास, महंगी महरा और वासुदेव महरा के रूप में हुई है। घायलों के अनुसार, उनके गोतिया (परिवार के रिश्तेदार) के घर तेहरवीं (13वीं) भोज कार्यक्रम था, जिसमें वे भोजन करने पहुंचे थे। इसी दौरान भयादी पक्ष के कुछ लोगों ने बिना किसी कारण के कुल्हाड़ी और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले में तीनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद जसीडीह थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने कहा है कि आरोपियों की पहचान कर जल्द ही कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

महाशिवरात्रि को लेकर 501 कुंवारी कन्याओं द्वारा निकाला गया कलश यात्रा

नोनीहाट(दुमका) । महाशिवरात्रि के पावन दिवस पर 501कुंवारी कन्याओं के द्वारा कलश यात्रा निकाला गया। इस कलश यात्रा के द्वारा ठाकुरबाड़ी और पातालगंगा मंदिर में बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। इस मौके पर निकाले गए कलश यात्रा मे कुंवारी कन्याओं ने हर हर महादेव और जय शिव शंकर की गगनभेदी नारे लगाए। मालूम हो कि नोनीहाट के धोबे नदी के छठ घाट से पंडित द्वारा विधि विधान से कलश में अभिमंत्रित जल लेकर कलश यात्रा को निकाला गया। आयोजक समिति के मुख्य रूप से अनिल कुमार, अंकित कुमार, मनीष कुमार, शंभू कुमार, गौतम कुमार एवं बड़ी संख्या में युवा आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय निभाएंगे।

दिनदहाड़े मालवाहक ऑटो चोरी

देवघर। नगर थाना क्षेत्र में बुधवार को दिनदहाड़े ऑटो मालवाहक वाहन की चोरी का मामला सामने आया है। चोरी की यह घटना लक्ष्मी मार्केट में हुई, जहां मोहनपुर थाना क्षेत्र के बांक निवासी रोहित कुमार मंडल ने अपने ऑटो को खड़ा किया था। जब वह सामान लोड करने के लिए मार्केट के अंदर गया, तो कुछ ही देर बाद वापस लौटने पर उसका मालवाहक वाहन गायब मिला। रोहित कुमार मंडल ने आसपास के इलाके में अपने वाहन को काफी खोजा, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने नगर थाना पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई। नगर थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि वाहन चोरी करने वाले आरोपियों का कोई सुराग मिल सके।

सांसद ने प्रसिद्ध पांच दिवसीय दानीनाथ मेला का किया शुभारंभ

सामाजिक व सांस्कृतिक समरसता का जीता जागता उदाहरण है दानीनाथ मेला : नलीन सोरेन

संवाददाता

काठीकुंड(दुमका) । दुमका जिला के काठीकुंड प्रखंड में महाशिवरात्रि के अवसर पर पांच दिनों तक लगने वाला मेला बुधवार से प्रारंभ हो गया। दुमका सांसद नलिन सोरेन द्वारा फीता काटकर मेला का शुभारंभ किया। मौके पर मुख्य अतिथियों का स्वागत परंपरागत आदिवासी स्वागत गान व नृत्य के साथ किया गया । उद्घाटन के बाद सभी मुख्य अतिथियों द्वारा मेले का भ्रमण करने के बाद संबोधन सत्र चला। उद्घाटन समारोह के दौरान अपने संबोधन में सांसद सोरेन ने कहा कि इस मेले से हमारे बचपन की यादें जुड़ी हुई हैं। कहा कि प्रसिद्ध दानीनाथ मेला केवल एक मेला नहीं बल्कि सामाजिक व सांस्कृतिक समरसता का जीता जागता नमुना हैं। हर धर्म हर समाज के लोग इस मेले के सफल निष्पादन में अपनी भूमिका निभाते हैं7 उन्होंने मेला में आने वाले लोगों से मेला का शांतिपूर्ण ढंग से आनंद लेते हुए दानीनाथ मंदिर प्रबंधन समिति, मेला आयोजन समिति व पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की। बताते चलें कि दुमका जिला के काठीकुंड पाकुड़ मुख्य मार्ग पर काठीकुंड प्रखंड में दानीनाथ मंदिर स्थित है। यहां न केवल स्थानीय श्रद्धालु, बल्कि बिहार और बंगाल से भी लोग इस आयोजन में भाग लेने आते हैं।

गंगा आरती देखने उमड़ा भक्तों का जन सैलाब

संवाददाता

दुमका। शहर के रसिकपुर बड़ा बांध स्थित शिव धाम मंदिर में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर गंगा आरती की गई। गंगा आरती देखने के लिए भक्तों का सैलाब उमड़ पाड़ा। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चार कर के साथ पंडितों ने गंगा आरती की। गंगा आरती देखने के लिए शहर के हजारों लोगों का हुजूम शिव धाम मंदिर स्थित बड़ा बांध में दिखा। मंदिर कमेटी की ओर से इसके लिए विशेष व्यवस्था किया गया था। साथ ही शिव धाम मंदिर को आकर्षक लाइटिंग की व्यवस्था की गई थी मंदिर कमेटी का एक एक सदस्य भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जद्दोजहद करके दिखाई पड़े। यहां बताते चलें कि रसिकपुर बड़ा बांध में प्रत्येक वर्ष गंगा आरती का आयोजन किया जाता रहा है । जिसको लेकर भक्तों में उत्सुकता बनी रहती है। यही नहीं श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से पूजा करने के लिए भी कमेटी के सदस्य सुबह से ही लगे रहते हैं।

महाशिवरात्री : दुमका एवं आसपास के शिव मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता

दुमका। महाशिवरात्रि के अवसर पर दुमका एवं आसपास के शिव मंदिरों में सुबह से ही पूजा के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ विभिन्न मंदिरों में देखने को मिली जो यह कार्यक्रम दिन भर चलता रहा। शहर का प्रमुख शिवपहाड़ मंदिर में भक्तों का तांता लगा रहा। शिवपहाड़ मंदिर में कतारबद्ध तरीके से भक्तों को पूजा-अर्चना करने के लिए गर्भगृह में प्रवेश कराया गया। मंदिर को फुलों से भव्य रुप से सजाया-संवारा गया है। गर्भ गृह से लेकर सड़क तक श्रद्धालुओं की लंबी कतार पहुंच गई थी। शाम तक यहां श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा के लिए लगी रही। इसके अलावा, शहर के अन्य शिवालयों जैसे कि गिलानेश्वर मंदिर डंगालपाड़ा शिव मंदिर, गोपाल मंदिर शिव मंदिर, कुरुवा शिव मंदिर, धर्मस्थान शिव मंदिरों में भक्त सुबह से ही पूजा अनुष्ठान करते दिखे। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने मनायी शिव जयंती, निकाली शोभायात्रा

दुमका । ओम शांति भवन नगर पालिका चौक दुमका में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ने बुधवार को 89वां शिव जयंती मनाई गई। जिस में सेवा केंद्र संचालिका बीके जयमाला दीदी ने कहा कि शिव जयंती परमपिता परमात्मा शिव का अवतरण के याद में मनाया जाता है, कलयुग के अंत में जब मनुष्य काम क्रोध लोभ मोह अहंकार के वशीभूत हो कर पाप कर्म करने लगते हैं तब ही इस घोर अज्ञात रूपी अंधकार में ब्रह्मा तन में परमात्मा शिव अवतरण ले नई सृष्टि की रचना करते हैं, जो पिछले 89 वर्ष से ये काम चल रहा है इस धर्म ग्लानी के समय हमें अपने जाति-धर्म,उच-नीच,अमीर-गरीब, गणित-पंथ मतभेद को मिटा कर परमात्मा के कार्य में सहयोग बन अपना जन्म-जन्म का भाग्य बनाना चाहिए शिव जयंती के अवसर पर केक काटा गया झंडोतोलन के साथ दुमका नगर पालिका चौक डंगाल पाडा से रसिकपुर तक भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। जिस में नेत्रहीन विद्यालय श्री अमड़ा के प्रचार्य शिवानंद महतो आपने दिव्यांग बच्चों के साथ शामिल हुए।मौके पर राजेश अग्रवाल मनोज घोष फुलो झानो मेडिकल कॉलेज के डॉ.पीयूष उपस्तित थे।कार्यक्रम को सफल बनाने में बीके रेखा,बीके मौसमी, बीके काजल,बीके पूजा,बीके बंटी अग्रवाल,बीके राजू अग्रवाल,बीके अर्जुन हरनानी,बीके राजकुमार या बीके राजीव के साथ समस्त ब्रह्मा कुमारिस परिवार उपस्तिथ थे।

बिजली चोरी का मामला दर्ज, सात आरोपी नामजद

देवघर। सारठ थाना क्षेत्र में अवैध रूप से बिजली चोरी करने के मामले में सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह मामला सारठ थाना कांड संख्या- 24/25 के तहत दर्ज किया गया है। वादी सोमेश कुमार, सहायक विद्युत अभियंता, विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल सारठ, ने इन आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आरोपियों पर टोका फंसाकर एवं सर्विस तार को बायपास कर अवैध रूप से बिजली ऊर्जा के उपभोग का आरोप लगाया गया है। इस मामले में जिन सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, जिसमें रवीन्द्र कुमार यादव, पिता गोपाल प्रसाद यादव,पवन यादव, पिता स्व. हरी प्रसाद यादव,प्रकाश कुमार यादव, पिता भुवनेश्वर यादव, बाबुकान्त ठाकुर, पिता स्व. कृष्ण ठाकुर,नवीन कुमार, पिता नारायण सिंह,नागेश्वर रवानी, पिता स्व. दशरथ रवानी,इंद्रजीत चौधरी, पिता महेश प्रसाद चौधरी सभी आरोपी सारवां थाना क्षेत्र के मोहडार और कुशमाहा मोड़ के रहने वाले हैं।

देवघर में हस्तशिल्प बिक्री सह प्रदर्शनी मेला का उद्घाटन

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

देवघर। वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प द्वारा महाशिवरात्रि के सुअवसर पर टावर चौक स्थित शिवलोक परिसर मैदान में आयोजित हो रहे सात दिवसीय गाँधी शिल्प बाज़ार, हस्तशिल्प बिक्री -सह - प्रदर्शनी मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि माननीय विधायक देवघर श्री सुरेश पासवान; सहायक निदेशक हस्तशिल्प भुवन भास्कर; डॉ रामानंद सिंह एवं अन्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अतिथियों का स्वागत सहायक निदेशक भुवन भास्कर द्वारा स्मृति चिन्ह और अंग वस्त्र देकर किया गया। विधायक सुरेश पासवान ने बाबानगरी में ऐसे मेले का आयोजन करने के लिए वस्त्र मंत्रालय का आभार जताया और कहा की ऐसे मेले हर वर्ष आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार को हस्तशिल्पियों के विकास के लिए किए जा रहे कार्य को सहारा और कहा की हस्तशिल्प के उत्थान के लिए हरसंभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हमारे कारीगर हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके हुनर को प्रोत्साहित करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमें आगे आना होगा। मैं देवघर की जनता से अपील करता हूं कि वे इस मेले में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और शिल्पकारों के उत्पादों को खरीदकर उनका मनोबल बढ़ाएं। गांधी शिल्प बाज़ार में देश के 07 से अधिक राज्यों जैसे बिहार, उड़ीसा, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, उत्तरप्रदेश, दिल्ली और जम्मू कश्मीर इत्यादि से आये हस्तशिल्पीयों द्वारा वोकल फॉर लोकल आधारित हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शित एवं विक्री कर रहे हैं 7 इस मेले में 50 निःशुल्क स्टॉल लगाए गए है जिनमें डोकरा, जादोपटिया एवं मधुबनी चित्रकारी , भगैय्या की सिल्क साड़ी, कश्मीर की पश्मीना शॉल, जुट बैग, लाह चूड़ी , असम के बांस, टेराकोटा आकर्षण का केंद्र है। मेले का आयोजन 03 मार्च तक किया जाएगा एवं मेले में प्रवेश निःशुल्क है। मेले का आयोजन कार्यालय विकास आयुक्त हस्तशिल्प , वस्त्र मंत्रालय, नई दिल्ली के सौजन्य से एवं इंस्टीच्यूट ऑफ ह्यूमन डेवलेपमेंट वेलफेयर एंड केयर द्वारा किया जा रहा है।

पूर्व मध्य रेल

खुला ई-ठिका खोबोर

भारत रेन राष्ट्रपति सेचु खोन नोवाको कामी बाखरा ई-ठिका नेवतायेत् काना।

क्रम सं.: 1, कामी रेयाक् जुतुम आर जायगा: 132 132 KV DC line खोन कटाया ताला रेयाक् टॉवर सं या loc. 181-185 आर फुलपरास खोन अरिया ताला रेयाक् टॉवर सं या loc. 94-98 पैथर खोन एचटीएलएस कंडक्टर दोड़हा चालाव-बानाव लागित् खुला ठिका e-Tender No. ELCN-MHX-ETEN-09-24-25, **क्रम सं.: 2, कामी रेयाक् मोट पूंजी:** रु. 60767885.00, **क्रम सं.: 3, जामाक्आक् बायना पायसा आर ठिका कागोच रेयाक् गोनोम:** NIT लेकाते आर रु. शून्य, **क्रम सं.: 4, कामी पुराउ रेयाक् सोमोय:** 01 चान्दो, **क्रम सं.:5, ठिका बोंदोक् रेयाक् तारीक आर सोमोय:** 10.03.2025 तिकिन 12.00 बजे हाबिच्, **क्रम सं.: 6, वेबसाइट बिवरेन्, नोटिस बोर्ड रेयाक् जायगा जाहां रेदो ठिका रेयाक् पुराउ बानाडाय जेल दाड़ेयाक्आ आर आफिस रेयाक् ठिकाना जाहां खोन दो ठिका कागोच किरिञ दाड़ेयाक्आ।:** आई.आर.ई.पी.एस. वेबसाईटः www.ireps.gov.in रे, ठिका डाउनलोड दाड़ेयाक्आ आर सीईई/कॉन, महेन्द्रघाट, कार्यालय सीएओ/कॉन ईसीआर ऑफिस छाटका, पटना-800004 रे ठिका पट्टा रे जेल दाड़ेयाक्आ। हिन्दी आर अंग्रेजी तेयाक् खोबोर रे जाहां लेकानाक् बेपान्ता जामोक् रे अंग्रेजी ते उछ्नाकान खोबोर गे सही दो मानाक्आ।

उप मुख्य विद्युत अभियंता/निर्माण/उत्तर,
पूर्व मध्य रेल, महेन्द्रूघाट, पटना
पीआर/02185/कॉन/वि./टी/24-25/36

हर हर महादेव के जय घोष से गूंज उठे शिवालय

फतेहपुर जामताड़ा)। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर बुधवार को फतेहपुर क्षेत्र के शिवालयों में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान श्रद्धालुजन बेलपत्र, चंदन, धतूर, भांग, बैर, अक्षत, धूप, दूध तथा जल से पूजा अर्चना करने में जुटे रहे। वहीं मुरीडीह स्थित शिवालय, हाई स्कूल के समीप नंदीधाम शिवालय, हटिया प्रांगण स्थित शिवालय, ठाकुरवाड़ी स्थित शिवालय सहित सभी शिवमंदिरों में हर-हर महादेव के जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने पूरे भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। इस मौके पर मुरीडीह शिवालय परिसर में मेले का भी आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर परिसर तथा आसपास के इलाकों में पुलिस बल तैनात रही। मुरीडीह स्थित शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की सबसे अधिक भीड़ देखी गई। जहां महिला व पुरुष श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लग गई। इस दौरान हर-हर महादेव के जयकारे से शिवालय गूंज उठे। शिवालयों में सुबह से ही भारी संख्या में श्रद्धालु जमा हो गए। इस अवसर पर शिव मंदिरों के आसपास का फल, मिठाई, खिलौने, आइसक्रीम आदि की दुकाने भी सजी हुई थी। जहां श्रद्धालुओं ने पुजा अर्चना के उपरांत खरीददारी की।

निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा

फतेहपुर (जामताड़ा)। महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर फतेहपुर प्रखण्ड अंतर्गत खट्टोजोरी गाँव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ को लेकर बुधवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जो खट्टोजोरी शिव मंदिर प्रांगण से 151 कन्याओं ने माथे मे कलश धारण कर हजारों श्रद्धालु जनों के साथ हरि कीर्तन व गाजे बाजे के साथ चांदना नदी पहुंचे। इस दौरान पुरोहित के द्वारा वेदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूरे विधि विधान के साथ पुजा अर्चना किया गया। इसके साथ साथ कुवांरी कन्याओं ने संकल्पित कलश मे जल धारण करते हुए राधे राधे, जय श्री कृष्णा नारे लगाते हुए श्रीमद्भागवत भागवत कथा स्थल के लिए प्रस्थान किये। इस अवसर पर खट्टोजोरी, बांसपाहड़ी, चांदना, पाथरचुड़, कुमरडीह, बाबुपुर,धासनियां, उतमडीह, कालुडीह, बनुडीह, झिलुवा, खैरबनी, मकरंधा, सहित दर्जनो गाँव में भक्तिमय माहौल देखा जा रहा है। वृंदावन धाम के कथा ब्यास श्री हिरण्यमय गोस्वामी महाराज के द्वारा बंगला में श्रीमद्भागवत कथा का प्रवचन किया जाएगा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा प्रवचन दिनांक 27.02 . 2025 से 05.03.2025 तक प्रतिदिन संध्या 7 बजे से रात्रि 11 बजे आयोजित होगा। आयोजक कमिटी खट्टोजोरी के सदस्यों ने तमाम श्रद्धालुओं को कथा श्रवण हेतु सादर आमंत्रित किया। इस भव्य कलश शोभा यात्रा मे विभिन्न गण्यमान्य अतिथि गण समेत काफी संख्या में श्रद्धालु जन शामिल हुए।

महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़, शिवालयों में दिनभर हुई पूजा-अर्चना

नारायणपुर (जामताड़ा) नारायणपुर प्रखंड मुख्यालय सहित पूरे क्षेत्र में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा एवं भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शिवालयों को भव्य रूप से सजाया गया और विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिरों में उमड़ पड़ी, जो दिनभर भगवान शिव की आराधना में लीन रही। महाशिवरात्रि के अवसर पर नारायणपुर बाजार स्थित शिवमंदिर, हरिहर धाम, करमदाहा स्थित दुखिया बाबा मंदिर सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। शिवभक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा एवं फूल अर्पित कर भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की।शिवरात्रि की रात नारायणपुर थाना शिव मंदिर से भव्य शिवबारात निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच भगवान शिव एवं माता पार्वती का विवाह संपन्न हुआ। पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा।

पूजा समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेयजल और शर्बत की व्यवस्था की गई थी। मंदिरों में महिलाओं एवं कन्याओं की विशेष रूप से अधिक भीड़ देखी गई।शिवरात्रि पर्व के सफल आयोजन से पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा।

त्रिमूर्ति शिव के साथ श्री लक्ष्मी नारायण की निकाली गई झांकी

महगामा संवाददाता । प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सब सेंटर की ओर से 89 वीं महाशिव जयंती के शुभ अवसर पर झंडोत्तोलन कर 108 ज्ञान-कलश लेकर बहनें- माताएं ज्ञानसागर परमपिता परमात्मा त्रिमूर्ति शिव के साथ श्री लक्ष्मी नारायण जी की भी झांकी निकाली गई।पुरे नगरवासियों को शिव अवतरण एवं निकट भविष्य में नई दुनिया सतयुग के आगमन का संदेश दिया गया। ऐसे मौके पर बीके बहन भाई एवं नगर के गण्यमान व्यक्ति भी उपस्थित थे।

पूरी पारदर्शिता एवं कदाचार मुक्त तरीके से कराएं परीक्षा : डीसी

जैक द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा केंद्र का डीसी ने किया निरीक्षण

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

गोड्डा । जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर के द्वारा प्लस टू सीएम स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस, गोड्डा में झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा 2025 का निरीक्षण किया गया। उपायुक्त के द्वारा केंद्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए सीसीटीवी कैमरे आदि की जांच की गई। वीक्षकों, केंद्राधीक्षक सहित परीक्षा कार्य के संपादन में लगे अधिकारियों को पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न कराने तथा झारखंड अधिविध परिषद द्वारा जारी निर्देश नियमावली का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक प्रियदर्शी, जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिला टुडू सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

शिवमंदिर से निकली आकर्षक शिव बारात

नारायणपुर(जामताड़ा)शिवरात्रि पर्व को लेकर बुधवार रात नारायणपुर थाना शिवमंदिर से आकर्षक शिव बारात का आयोजन किया गया।इस अवसर पर बारात में शिव के अलावा भूत बेताल आदि की झांकिया प्रस्तुत की गई।शिवबारात के साथ काफी संख्या में लोग झूमते नाचते चल रहे थे।थाना से निकलकर शिव बारात नारायणपुर बाजार शिवमन्दिर आई जहां पर जमकर आतिशबाजी के साथ शिव बारात का स्वागत किया गया।यहां पर स्वागत के बाद बारात प्रखंड विकास कार्यालय स्थित पार्वती मन्दिर गई, जहां पर कई प्रकार का रश्म पूरा किए जाने के बाद शिव बारात वापस थाना शिवमंदिर गई जहां देर रात शिवविवाह का रश्म पूरा किया गया।

महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर बसंतराय शिव मंदिर में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब



बसंतराय । महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य पर प्रखंड क्षेत्र के मुख्य बाजार स्थित शिव मंदिर में बुधवार को श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। मान्यता है कि बाबा के दरबार में आने वाला कोई भी निराश होकर नहीं लौटा। इसलिए बाबा के दरबार में आज हजारों भक्त दर्शन पूजन के साथ रुद्राभिषेक भी कराते हैं। महाशिवरात्रि के मद्देनजर बाजार में फल फूल और प्रसाद की दुकानें सज गई है। शिव मंदिर परिसर के चारों और स्थित दुकानों को सजाने में दुकान पूरी तरह से जुटे रहे। इसके अलावा मंदिर के ईर्द गिर्द फूल माला बेचने वालों की अच्छी भीड़ देखने को मिल रही है। बेलपत्र विविध प्रकार के फूलों से निर्मित मालों की मांग को देखते हुए दुकानदार उसे तैयार करने में जुटे हैं। इसके अलावा बाबा को चढ़ाने के लिए प्रसाद बनाने का काम भी तेजी से किया जा रहा है। पौराणिक मान्यता के अनुसार माना जाता है कि इसी दिन भगवान शिव का विवाह देवी पार्वती के साथ हुआ था। साल में होने वाली 12 शिवरात्रि में से महाशिवरात्रि सबसे महत्वपूर्ण मानी जाती है। महाशिवरात्रि पर भगवान शिव का अभिषेक करने का विधान है। इसमें जलाभिषेक और दुग्धाभिषेक का विशेष महत्व है। प्रातः स्नानादी से निर्वित होकर भगवान भोले शंकर का पूजन अर्चन किया जाता है। शिव पुराण के अनुसार महाशिवरात्रि पूजा में 6 वस्तुओं को शामिल करने से हर मनोकामना पूर्ण होती है। इसके अलावा महाशिवरात्रि पर फल, धूप, धन, अनाज, दीपक, पान पत्ता अर्पित करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। महाशिवरात्रि को देखते हुए बसंतराय थाना प्रभारी मनीष कुमार यादव के द्वारा मंदिर परिसर में सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। मंदिर परिसर में पुलिस बल कि तैनाती की गई है ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो।

महाशिवरात्रि पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब

गोड्डा = जिला मुख्यालय सहित सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में महाशिवरात्रि परअहले सुबह से लेकर देर शाम तक भारी भीड़ लगी रही। मंदिर परिसर से लेकर मुख्य सड़क तक लंबी कतार लगी रही। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा लगाये जाने वाले गगनभेदी जयकारों से सारा वातावरण भक्तिमय हो गया।वहीं शाम को रत्नेश्वर धाम मंदिर परिसर से बाबा की बारात की भव्य झांकी निकाली जाएगी। झांकी में शामिल भूत-पिशाच , देवी-देवताओं व सुसज्जित हाथी-घोड़ा व रथ लोगों को आकर्षित कर रहा है। जगह- जगह बरात की शोभा यात्रा में शामिल लोगों को शीतल पेय व चाय से स्वागत किया जाएगा। शोभा यात्रा शिवपुर मंदिर से निकलकर नगर थाना पहुंचेगी जहां पूजन व अभिवादन के उपरांत हास्पिटल रोड, न्यू मार्केट, गुलजारबाग होते हुए शिवमंदिर आकर लोग महाप्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके बाद देर रात तक धूमधाम से महादेव-पार्वती के विवाह की रस्म अदायगी की जाएगी। महाशिवरात्रि को लेकर चहुंओर उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। बुधवार की अहले सुबह से ही विभिन्न मंदिरों में पूजन व दर्शन को लेकर श्रद्धालु की भीड़ लगी रही। इसके मद्देनजर पुख्ता व्यवस्था की गई थी। भीड़ के मद्देनजर महिला व पुरुष पुलिस जवानों को तैनात किया गया था। इधर बसंतराय प्रखंड के चर्चित बोदरेश्वर नाथ, भूमफोड़ महादेव मंदिर व सुस्ती महेशपुर मंदिर में भव्य महाशिवरात्रि का आयोजन किया गया। जगह-जगह मेला के लिए सजी दुकानों पर खरीददारों की भीड़ लगी रही। खासकर फलाहारी जलेवी को लेकर सभी दुकानों पर भारी भीड़ लगी रही। इसी प्रकार

दो दिवसीय जिला संतमत का वाषिक अधिवेशन का आयोजन

गोड्डा = महर्षि मेंहीं सत्संग आश्रम कुप्पाघाट, भागलपुर के गुरुसेवी संत भागीरथ जी महाराज ने कहा कि मोक्ष के द्वार पर चार द्वारपाल रहे हैं। वे हैं शम, विचार, संतोष और साधु-संग। जो अपना कल्याण चाहते हैं उन्हें संतोष धारण भी करना चाहिए। सत्संग करने वाले को सार ज्ञान की प्राप्ति होती है। सत्संग परमात्मा का निज अंग है। हमें बाहरी और भीतरी दोनों सत्संग करने की जरुरत है। हमें जुआ नहीं खेलना चाहिए। मांस, मछली नहीं खानी चाहिए और शराब भी नहीं पीना चाहिए।संत गुरुसेवी भगीरथ जी महाराज बुधवार को पोड़ैयाहाट प्रखंड के बक्सरा गांव में आयोजित संतमत सत्संग के 76 वें वाषिक जिला अधिवेशन के पहले दिन बुधवार को प्रवचन के दौरान बोल रहे थे। मौके पर स्वामी गुरचरण सेवी प्रमोद जी महाराज ने कहा कि सत्य जोड़ संग को सत्संग कहा जाता है। सत्संग की महिमा अपार है। कहा कि दरिद्र वह नहीं है जिसे धन नहीं है। बल्कि दरिद्र वह है जसे ज्ञान नहीं है। जो सत्संग नहीं करता है। इसके अलावा संतमत के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता स्वामी सत्यप्रकाश, नरेशानंद, परमानंद बाबा सहित अन्य साधु-महात्माओं ने भी विचार व्यक्त किए। इसके पूर्व स्थानीय छात्राओं ने स्वागत गान गाकर आगन्तुकों का स्वागत किया। स्वागत समिति के अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया हेमंत कुमार ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। स्थानीय विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि संतों के विचारों से हमारे समाज का सुधार होता है। राष्ट्रीय महिला आयोग की सदस्य ममता कुमारी ने कहा कि साधु संतों के समागम से यह धरा भी धन्य हो गई है। इस क्षेत्र के लोग भाग्यवान हैं जिन्हें संतों के वचनों को सुनने का सौभाग्य मिला है। कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश मंडल ने किया। सत्संग के दौरान सत्संग सरोवर नामक स्मारिका का लोकार्पण किया गया।

बेटा- बेटी को समान रूप से शिक्षित करें : डालसा

गोड्डा । जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिले में पंचायत स्तर पर 90 दिवसीय गहन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सुंदरपहाड़ी की डालसा की टीम ने क्षेत्र के कौआढ़ाब गांव में जाकर लोगों को जागरुक किया। डालसा की ओर से गठित टीम में शामिल चुनका मुर्मू व मंजूरी बीबी ने ग्रामीणों को,बाल श्रम, मानव तस्करी ,बाल विवाह, शिक्षा का अधिकार आदि के बारे में जानकारी दी । उन्होंने कहा कि समाज के उत्थान में शिक्षा सबसे जरुरी है। इसलिए अपने बच्चों को पढ़ने के लिए स्कूल जरुर भेजें। बच्चों से कभी भी मजदूरी नहीं करायें। बच्चों से मजदूरी कराना कानूनन अपराध है। स्थानीय स्तर पर बच्चों की पढ़ाई के लिए पठन-पाठन की बेहतर व्यवस्था है। आज विद्यालयों में मध्याह्न भोजन , पोशाक व छात्रवृति की भी व्यवस्था है। वहीं किसी प्रकार की समस्या होने पर विधिक सेवा की भी व्यवस्था है।बेटा और बेटी को समान रूप से शिक्षित करने की जरुरत है। महिला शिक्षा के प्रति समाज में जन जागरुकता जरुरी है। इसके अलावा शिक्षा का अधिकार, पोक्सो, बाल श्रम, बाल विवाह आदि से संबंधित जानकारी दी गई। इसी प्रकार बसंतराय में जायसवाल मांझी व जोबाती ममू, मेहरमा में रामविलास महतो एवं सुषमा मरांडी , बोआरीजोर में दयानंद यादव एवं अनिता टुडू, ठाकुरगंगटी में मुन्नी रानी, महागामा में जयकृष्ण यादव एवं स्टेंशिला हेम्ब्रम, पोड़ैयाहाट में मो. हसीब व शंकर चंद्र सेन, पथरागामा में दिलीप यादव व मीणु बेसरा आदि ने भी शिविर आयोजित कर विविध जानकारी दी।

अनाधिकृत रूप से बोरिंग कर रहे वाहनों को नगर परिषद ने जप्त कर वसूला जुर्माना

गोड्डा । नगर क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से बोरिंग में लगे दो बोरिंग वाहनों को नगर परिषद द्वारा जप्त कर जुर्माना वसूला गया। वहीं दोनों वाहनों से 25-25 हजार जुर्माना लिए गए। इस दौरान बताया गया कि शहर में जो भी वाहन बोरिंग का कार्य करेंगे उन्हें नगर परिषद से निबंधन करना होगा। और जिस घर में बोरिंग होना है उस कर दाता को बोरिंग करने के लिए नगर परिषद को सूचना देनी होगी। मालूम हो कि शहर का ग्राउंड वाटर लेवल हाल के दिनों में लगातार नीचे जा रहा है। डीप बोरिंग पर और भी सख्ती की गई है। इमरजेंसी सेवा के हालात में ही डीप बोरिंग को गठित कमेटी अनुमति देगी और इसके अनुरूप ही वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था भी होनी चाहिए। फिलहाल शहर में सुंदर जलाशय से जलापूर्ति हो रही है जहां जलाशय से नगर परिषद आपूर्ति के लिए अधिकतम तीन एमसीएम पानी ले सकते हैं जो वर्तमान आबादी के लिए पर्याप्त है।

पूजा करने मंदिर पहुंची युवती के मांग में युवक ने भरा सिंदूर

ठाकुरगंगटी । थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुढानाथ शिव मंदिर बस्ता पहाड़ में महाशिवरात्रि के मौके पर बुधवार दोपहर बुधवाचक ग्राम पंचायत अंतर्गत बेलाटीकर गांव की रहने वाली एक युवती परिजनों के साथ पूजा करने पहुंची थी। उसी के दौरान मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र के धनवासा गांव निवासी एक युवक ने मंदिर पूजा करने पहुंची युवती के मांग में सिंदूर भर दिया। जिससे कि मंदिर परिसर में मौजूद युवती के परिजनों में आक्रोश बढ़ने लगा और इसकी सूचना सोशल मीडिया के जरिए आग की तरह फैल गई। मामले की सूचना पाकर ठाकुरगंगटी थाने की पुलिस घटनास्थल पहुंची और आरोपी युवक शिवम कुमार पिता नयन ठाकुर को अपने साथ हिरासत में लेकर थाना ले गई वहीं पीड़िता युवती को परिजनों के साथ थाना बुलाया। युवती का अचानक तबीयत खराब होने से हरि देवी रेफरल अस्पताल ठाकुरगंगटी में उपचार कराया गया। मालूम हो कि युवक-युवती दोनों का घर महज पांच सौ मीटर के दूरी पर है। इधर खबर लिखे जाने तक पुलिस मामले की जांच कर रही थी। पीड़िता पक्ष के द्वारा थाने में लिखित आवेदन नहीं दिया गया था। हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। इस संबंध में ठाकुरगंगटी थाना प्रभारी ने मीडिया को बताया कि आरोपी युवक को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। पीड़िता के द्वारा आवेदन प्राप्त होते ही आरोपी युवक के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।

गौरांडी रोड मरम्मत कार्य का शुभारंभ, एक साल में पूरा होगा निर्माण:अरमान

चितरंजन। गौरांडी रोड के बहुप्रतीक्षित मरम्मत कार्य का शुभारंभ 26 फरवरी को पश्चिम बर्दवान जिला परिषद के कर्माध्यक्ष मोहम्मद अरमान ने किया। हालांकि, विधायक विधान उपाध्याय अनुपस्थित रहे, लेकिन स्थानीय लोगों में उत्साह देखा गया। रूपनारायणपुर आमडांगा मोड़ से गौरांडी हाटतला तक 9.15 किलोमीटर लंबी इस सड़क की मरम्मत के लिए 5.32 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। यह कार्य पश्चिम बंगाल ग्रामीण सड़क योजना के तहत आईआरडीएफ फंड से किया जाएगा। सड़क निर्माण एक साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, जबकि अगले पांच वर्षों तक इसका रखरखाव ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी। सड़क किनारों को भी मजबूत किया जाएगा, जिससे जलभराव और क्षति की संभावना कम हो। मोहम्मद अरमान ने बताया कि जलापूर्ति पाइपलाइन बिछाने का कार्य पहले ही पीएचई विभाग को निर्देशित किया गया है ताकि बाद में खुदाई की जरूरत न पड़े। उन्होंने भरोसा दिया कि टेंडर प्रक्रिया और फंड जारी होने से कोई देरी नहीं होगी। सड़क सुधार से यातायात सुगम होगा और स्थानीय लोगों को राहत मिलेगी। इस पहल से व्यापार और परिवहन को भी बढ़ावा मिलेगा।

स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

चितरंजन । पश्चिम बंगाल ग्रामीण बैंक ने अपने 19वें स्थापना दिवस के अवसर पर कल्याणेश्वरी शाखा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया। इस कार्यक्रम का आयोजन एम. स्वास्थ्य के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण ग्राहकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था। शिविर में आए ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और आवश्यक दवाइयां भी वितरित की गईं। इसके साथ ही, छोटे ऋण योजनाओं की जानकारी देने और आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एक विशेष शिविर भी लगाया गया। बैंक अधिकारियों ने ग्राहकों को ऋण योजनाओं के लाभों और आवेदन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया, जिससे उन्हें वित्तीय सहायता प्राप्त करने में सुविधा हो। इस अवसर पर बैंक की शाखा प्रबंधक विजया तोमर, सहायक प्रबंधक ब्यूटी दास और हिमांशु भंडारी, कैशियर पिनाकी पाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने ग्राहकों को बैंक की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं के बारे में जागरूक किया। स्थानीय लोगों ने इस सामाजिक पहल की सराहना की और बैंक के प्रति आभार जताया। विजया तोमर ने कहा कि बैंक केवल वित्तीय सेवाएं ही नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व भी निभाता है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

होटल में मिला एक व्यक्ति का शव

चितरंजन । कुलटी थाना क्षेत्र के चौरंगी फाड़ी अंतर्गत मां काली दुर्गा निवास नामक निजी होटल के एक कमरे में 52 वर्षीय प्रकाश सिंह का शव फंदे से लटका मिला। वह हिंदुस्तान केबल्स देशबंधु पार्क के निवासी थे। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही चौरंगी फाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए आसनसोल जिला अस्पताल भेज दिया। परिवार ने बताया कि प्रकाश सिंह होम लोन का कार्य करते थे और शनिवार से लापता थे। उनका व्यवहार सामान्य था, जिससे आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। पुलिस होटल कर्मचारियों से पूछताछ कर रही है और सीसीटीवी फुटेज की जांच में जुटी है। होटल में सन्नाटा पसरा हुआ है, जबकि स्थानीय लोग घटना को लेकर चर्चा कर रहे हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह सामने आएगी।

संताली रेन 8 इऱाल गोटेच् पाठवाको पास केदा यूजीसी नेट

पेया पाठवा दो जेआरएफआर मित्टेन दो नेट क्वालीफाई

● साँवते पेया दो पीएचडी रे भारतीक् लागित् लेकमान

खोबोरिया

दुमका। यूजीसी नेट बिडाउ दिसंबर 2024 रेयाक् रिजल्ट दो 22फरवरी 2025 हिलोक्को सारसादले आकादा। स्नातकोत्तर संतालीविभाग विश्वविद्यालय दुमका रेन पाठवा दो निया धाव यूजीसी नेट दिसंबर 2024 रेयाक् बिडाउ रे मित् धाव रे इऱाल गोटेच् पाठवा दोयूजीसी नेट बिडाउको पास आकादा। नोको रे पीजी सत्र 2022-24 रेनजितेश टुडू, संजय एक्समस हे ब्रम आर प्रीतम मुर्मू दो जेआरएफ लागित्को क्वालीफाई आकादा, आर पुष्पा मुर्मू दो असिस्टेंटप्रोफेसर आर पीएचडी रे भारतीक् लागित् नेट रेयाक् बिडाउको पास आकादा। नोते सत्र 2023-25 रेनकोवाक्बोन गालमारावा तोबे देवलाल मुर्मू, कुलदीप सोरेन, सचिन कुमार सोरेन आर मिरूनी हाँसदा दो पीएचडी रे भारतीक् लागित् नेट बिडाउको पास आकादा। पाठवा दो नोआ रेयाक् आको रेन माहांसोय डॉ सुशील टुडू, डॉ शर्मिला सोरेन, डॉ निर्मल मुर्मू, डॉ अमित मुर्मू, एसपी कॉलेज दुमका रेनचेचेत्दाई डॉ होलिका कुमारी मराण्डी आर प्रो सनातन मुर्मूताकोवाक् सोलहा ते उदगाउ आरको उसकुर आकाना। पाठवा दो कुसीसोदोर तुलुचको मेन केदा जे आडी कुरूमुटू, जावगे कुरूमुटूआर निट जोस हामेट रेयाक् आसोल मोन्तोर काना। नोआ बाबोत रेविभाग अध्यक्ष डॉ सुशील टुडू दोय मेन केदा जे विभाग रे सिलेबसरेयाक् पाड़हाव साँव-साँवते जोतो दिशा रे पाठवाको मोंज तेलाहाक् रे जावगे मोंज बुधबातलावले एमावाको काना। नोआ रेयाक् जो कान गेया जे निया धाव दो आयमा पाठवा संताली विभाग खोन नेट बिडाउको पास दाड़े आकात्आ। एकेन नुनाक् गे बाङ, आलेयाक् विभाग रेन पाठवा कोड़ा-कुड़ी जोतो होर रेको लाहा इदीक् काना।

महाशिवरात्रिः काशी रे मंगला आरती तायोमको ओडोक केदा आखड़ा रेयाक् शोभायात्रा

धाम टोठा रे नागा संन्यासीको, साधु-संतको आर पातयावानको रे अधिकारी बाहाको छिटाउ केदा

खोबोरिया

वाराणसी। महाशिवरात्रि पोरोब रे बुधवार हिलोक् धोरोम नगरीकाशी रे बाबा विश्वनाथ दोरसोन लागित् पातयावानको आयमा सागेकोहेच् पेरेच् आकादा। निया धाव पासेच् 25 लाख भोकतो दो धाम रेकोसेटेर दाड़ेयाक् सोंदहो होयोक् काना, ओका दो पारोमेन जोतोरिकॉर्डस ए पारोमेत् काना। आधा ञिन्दा खोन गे मुंदिल बाहरे 3किलोमीटर जेलेञको लाइन आकाना। बाबा विश्वनाथ सामाङ लागातार 46घंटा खोन जासती सोमोय हाबिच् भोकतोको दोरसोनोक्आ। नोआ ऐतिहासिक ओराम मोंज ते बानाव रे उत्तर प्रदेश रेन सिरामंत्री योगी आदित्यनाथ दो लागातार बेबोसताको रेय नोजोर आकावादा। सिरामंत्रीयाक् हुकुम रे उच्चाधिकारी दो लागातार टोठा रे दाड़ां काते हालोत बाडायजोड़को ञेल एना। महाशिवरात्रि रेयाक् नोआ पोरोब दो काशी रे ओना सोमोय आर हों खास होय एना, तिन रे महाकुंभ रेयाक् उलटाउ प्रवाह नोण्डे ञेलएना। कुंभ आर महाशिवरात्रि रेयाक् नोआ संयोग आयमा बोछोर तायोम बानाव आकाना, ओकोय दो पातयावानकोवाक् लेखा अभूतपूर्व स्तर रे सेटेराकादा। सिरामंत्री योगीयाक् हुकुम रे मुंदिल न्यास आर जिला प्रशासन दो नोआ अपार जनसमूह सांबड़ाव लागित्ए बेबोसता आकादा। काशी रे महाशिवरात्रि रे आखड़ा दो शोभायात्रा हों नोआसांवतेको ओडोक केदा। जूना अखाड़ा रेन नागा साधु त्रिशुल, तलवारआर गदा आगूकाते हर हर महादेव होहोय सांवते बाबा विश्वनाथ सामाङ दोरसोनोक्को ओडोक एना। भोकतोवाक् मेन काना जे योगीसरकाराक् रिकिड़ ते नोआ महाशिवरात्रि ऐतिहासिक आरहों अविस्मरणीय बानाव आकादा।

डिवाइडर सोंगे ठोकोरेना बाइक, मायजीउ दोय गोच् एना आर जावांयतेत् दोय घाल एना

खोबोरिया

कोडरमा। जिला रेयाक् चंदवारा थाना टोठा रेयाक् गौरी गाडा पुल रे डिवाइडर रे बाइक ठोकोरेन ते मायजीउ दोय गोच् एना आर सेनोते जावांयतेत् दोय घाल एना। ञाम आकान खोबोर लकाते सर्वेश कुमार आर संजू प्रसाद सिंह (45) जुरी-पारी दो बाइक रे देच् काते बरही सेच्किन चालाक्कान ताहेंकाना। गौरी पुल सोर रे बाइक ठोकोरेन रे बार होड़ दो आडी काजाककिन घाल एना, ओना तायोम सदर अस्पताल कोडरमा रे डॉक्टर दो जांच ओकते आडी काजाके घाल आकान मायजीउ संजू प्रसाद सिंह दोय गोच्एन काथाको सारसादले केदा। आर से नोते आडी काजाके घाल आकान सर्वेश कुमाराक् रान-मुरगान दो सदर अस्पताल रे चालाक् काना। खोबोर ञाम सांवते पुलिस दो ओन्डेको सेटेरेना आर गोच् होड़मो पोस्टमार्टम लागित् अस्पताल तेको कोल केदा।

बाङ सामबड़ावलेन ट्रक दो थाना रेयाक् बाउंड्रीय ठोकोर केदा

आरमित्टेन एटाक् घोटना रे कोडरमा थाना सोर रे सागुनमाहांहिलोक् सेताक् मित्टेन ट्रक दो बाङ सामबड़ावलेन ते मित्टेन दारे आडी मुरूके ठोकोर केदा। नोआ रे ट्रक दो बाड़िच् उतारेना। आर से नोते ट्रक चाक्लाविच् रजौली रेन गिराबासी मोनू कुमारदो गोच्-गोच् खोने बांचावेना। घोटना तायोम कोडरमा पुलिस दो घोटना रे बाड़िच् एन गाडी दो आपनार गोबोल रेको दोहो केदा। आर चाक्लाविच् हों हिरासत रे दोहो कातेको पूछताछ एदेकाना। ञाम आकान खोबोर लेकाते ट्रक दो ओडिशा खोन स्पंज लादेकाते पटना ते चालाक्कान ताहेंकाना। आर से नोते चंदवारा थाना टोठा रेयाक् ढाब थाम रे सागुनमाहां हिलोक् स्कूटी ते ठोकोरेन रे सोड़ोक आड़े रे पोल सोंगे ठोकोरेन रे स्कूटी रे देच्आकान ताहेंन बार होड़ दोकिन घाल एना। घाल आकान होड़ाक् पाछनाव दो हजारीबाग रेयाक् चौपारण रेन गिराबासी भुवनेश्वर दासरतन दास रूप रे होय आकाना। ञाम आकान खोबोर लेकाते स्कूटी रेदेच् आकान ताहेंन बानार होड़ दो ढाब थाम चौक सेच्किन चालाक्कान ताहेंकाना। नोआ ताला रे स्कूटी बाङ सामबड़ावलेन इयाते पोल रे ठोकोरेना आर बानारकिन घाल एना। ओना तायोम टोठाकियाहोड़ाक् गोड़ो ते घाल आकान होड़ दो रान ओचोकिन लागित् सदर अस्पताल कोडरमा तेको इदि केत्किना।

पबितोरा अभयारण्य रे 30 गोटेच् विदेशी राजनयिका दो बिर रेको दाडाँ केदा

खोबोरिया

मोरीगांव। एडवांटेज असम रे सेलेदोक्को हेच्लेन 30 गोटेच् राजनयिका दो बुधवार हिलोक् पबितोरा अभयारण्य रे हाती आर जीपतेको दाड़ां कुसी एना। अभयारण्य रे दाड़ांयको दोल रे कोरिया,फिलीपींस आर ताइवान रेन प्रतिनिधिको सेलेत् एना। प्राकृतिक सौंदर्य ते पेरेच् पुरून पबितोरा रेयाक् हारियाड़ आर वन्यजीवको ञेल काते जोतो राजनयिकको ञेल मालुङ एना। गुवाहाटी रे ओरामेन एडवांटेजअसम रे सेलेदोक् 30 गोटेच् विदेशी राजनयिका दो लाहा रे पबितोरा अभयारण्य रे हाती रे देच् काते बिर जानवारको ञेल केत्कोआ। इना तायोम पबितोरा रेयाक् झीझिना रिजॉर्ट रेनोको विदेशी पेड़ा दोको नासता एना। इना तायोम आरहों विदेशीपेड़ा दो अभयारण्य रे जीप रे होंको देच् कुसीयाना। विदेशी पेड़ाको दोल रे फिलीपींस, ताइवान आर कोरिया घालोक् आयमा दिसाम रेन राजनयिकको सेलेत् लेना। बाडायाक् काना जे पोबितरा रेयाक् बिर गाजाड़ रे मित् देरेञान गैंडा, बिर काडा बितकिल, हिरण, आयमा लेकान चेड़ेंको साँवते गे एटाक् वन्य जीव मेनाक्कोआ। विदेशी पेड़ाको दोल दाड़ांय ओकते रे मोरीआतो जिला रेयाक् मित् बाड़ती आयुक्त, पेया सहायक जिला आयुक्त, पबितोरा रेन वन अधिकारी, पर्यटन विकास अधिकारी, सहायक महाप्रबंधक मानस ठाकुर घालोक् आयमा एटाक् अधिकारी दोको गोड़ों एना।

महाराष्ट्र रे जोतो खोन जासती तारूप्को गोच् आकाना, मध्य प्रदेश दोसार जायगा रे

खोबोरिया

मुंबई। महाराष्ट्र रे आड़हाई चान्दो रे 15 गोटेच् तारूपको गोच् चुकावेना। नोआ रे पोनया तारूप् दो बेआईनी तेको गोच्(शिकार) आकात्कोआ, 8 गोटेच् दो आको ते गे आर बारया दोघोटना तेको गोच् आकना। नोंका लेका दिसाम रे जोतो खोन जासती तारूप् दो महाराष्ट्राष्ट रे होय एना आर से नोते मध्य प्रदेश रे11 आर गोटा दिसाम रे 43 गोटेच् तारूप्को गोच् आकाना। राष्ट्रीयबाघ संरक्षण प्राधिकारण दो केरल, असम, उत्तराखंड आर कर्नाटकरे पे-पे गोटेच् तारूप्को गोच् आकान रेयाक् खोबोरमेनाक् आ। दिसाम रे तारूप्कोवाक् लेखा दो खुप ढेर आकाना आर2022 रेयाक् आंकड़ा लेकाते दिसाम रे मोट 3,682 गोटेच् तारूप्मेनाक्कोआ। तारूप्को लागित् सोरोकपुरीको मेतावाक् मध्य भारतरेयाक् बीर दो शिकारीकोवाक् धियाने ओर आकात्आ। ओनाइयाते, महाराष्ट्र रे बार चान्दो रे पोनया तारूप्को शिकार आकात्कोआ। नोआ ते साफा-साफी बाडायोक् काना जे ओनको उपार रेखतरा दो ढेर आकाना, चेदाक् जे दिसाम रे मोटामुटी 70 प्रतिशत तारूप् दो मध्य भारत रे मेनाक्कोआ।

चिन्ता ढेर एना

लाहान्तिया कामीको इयाते तारूप्को ताहेंनोक्कान बीर दो घाटाव इदियाकाना। ओनका रे ओनको दो जोम लागित् आरडाबराक् लागित् तेको मुसकिलोक् काना। सांतवे, बेआईनी शिकार, जिवेदोक् लागित् लाड़हाई, हाड़ामोक् आर सोड़ोक घोटनाको रे तारूप्कोवाक् गोजोक् हों ढेर आकाना। गोगोच् होड़को एक्टिव आकान इयाते वन विभाग रेयाक् चिन्ता दो ढेर आकाना। ओना इयाते वन विभाग रे चिन्ता दो ढेर आकाना।

शमीयाक् जायगा रेको सेलेत् दाड़ेयाकोआ अर्शदीप लाई ते पेया खिलाड़ी

दुबई। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी रे भारतीय टीम दो सेमीफाइनल रेको सेटेर आकाना। एन रेहों नोको दो नित 2 मार्च हिलोक् लीग मैचन्यूजीलैंड सांवतेको गातेक्आ। नोआ मैच रे स्पीड गेंदबाज मोहममदशमीवाक् गातेक् दो दिगधा गे बाडायोक् काना। चेदाक् एनते पाकिस्तान बिरूद रे उनी दो अनकामफॉटेबले ञेल लेना आर पे ओवरतायोम टान्डी खोन बाहरेय ओडोक लेना। शमी दो एंकल रेय बाजावानाआर उनी उसारा गेय मोंजोक् ओना दो बाङ होयोक्आ। नोंका रेबाडायोक् काना जे अर्शदीप सिंह, वाशिंगटपन सुंदर आर वरूण चक्रवर्ती ताको दो नोआ मैच रे शमीयाक् जायगा रेको सेलेत् दाड़ेयाकोआ। अर्शदीप शमीवाक् जायगा रे लेंगा ती रेन स्पीड गेंदबाज अर्शदीप दो मित्टेन आडी मोंज ऑपशन होय दाड़ेयाक्आ। अर्शदीपठेन दो बानार नाखा ते आडी मोंज बॉले स्विंग आचोय रेयाक् हुनार मेनाक्आ। उनी दो 9 गोटेच् मित्माहांकिया मैच टीम इंडिया लागित् तेय गातेयाकाना आर उन ओकते 14 गोटेच् विकेटे हाताव लेदा। स्पीड गेंदबाज कारोन ते उनी दोको सेलेत् दाड़ेवाया। चेदा जे भारतीय टीमठेन बारया गे स्पीड गेंदबाज मिनाक्किना। वॉशिंगटन सुंदर दो टीमरे वॉशिंगटन सुंदर लेकान आर मित्टेन ऑलराउंडर मेनाय गेया।सुंदर दो स्पिन गेंदबाजकान सांवते मोंज बल्लेबाज हों कानाय। टीमइंडिया लागित् ते 23 गोटेच् मित्माहांकिया मैच रे सुंदर दोय गाते चुकाउ आकाना। उनी दो जोतो लेनकानाक् आटकार मेनाक् ताया।प्रबंधन दो उनी हों टीम रेय सेलेत् दाड़ेवाया। नोंका रे मित्टेन मुसकिलाक् दो नोआ काना जे तिन रे टीम दो एकेन बारया गे स्पीडगेंदबाज हर्षित राणा आर हार्दिक पड्या ताकिनकिन सारेजोक् काना। हाली रे गे चक्रवर्ती दो इंग्लैंड बिरूद रे वनडे रेय डेब्यू लेदा। उनी दो टी 20 फॉर्मेट रे मोंजे गातेयेन तायोम आचका गे चैंपियंस ट्रॉफी रेको सेलेत् लेदेया।

होटल रे ञामेना मित् होड़ाक् माड़ीं

चितरंजन। कुलटी थाना टोठा रेयाक् चौरंगी फाड़ी ताला तेयाक् काली दुर्गा निवास ञुतुमान निजी होटल रेयाक् मित् रूम रे 52बोछोर रेन प्रकाश सिंहआक् माड़ीं पासी रे आकावाकान ञाम एना। उनी दो हिंदुस्तान केबल्स देशबंधु पार्क रेने ताहेंकाना। नोआ घोटोना तायोम इलाका रे सनसनी पासनाव एना। काथा बाडाय साँवते गेचौरंगी फाड़ी पुलिस ताक रेको सेटेर एना आर माड़ीं काबजा कातेपोस्टमार्टम लागित् आसनसोल जिला हासपाताल तेको कोल केदा। घारोंजरेनको लाई केदा जे प्रकाश सिंह होम लोन रेयाक्ए कामीयेत् ताहेना आर शनिवार हिलोक् खोने आत् लेना। उनीयाक् बेवहार दोसाधारोन ताहेंकाना, नोआ ते आच् तेय गोच् आकान कारोन दो बायपुसटावक् काना। पुलिस दो होटल कर्मचारीको कुलीयेत्कोआ आर सीसीटीवी फुटेज होंको जांचेत् काना। होटल रे सुनसान आकाना आर टोठारिया होड़ दो घोटोना रेयाक्को चारचायेत् काना। पोस्टमार्टम रिपोर्ट हिजुक् तायोम गे गोच्एन रेयाक् आसोल ओजे सामाङ बाडायोक्आ।

महाकुंभ सेवा तायोम गौतम अदाणीये रोड़ केदा- ‘आमाक् आम जिमावाम

खोबोरिया

गोड्डा। दिसाम आर दुनिया रेन नामडाक उद्योगपति गौतम अदाणी दो महाकुंभ रेयाक् मुचात् रे आयाक् अनुभव दिसाम साँवतेय लाई हापाटिञ केदा। उनी दो महाकुंभ रे आयाक् सेवा कामी ‘आमाक् आम जिमावाम’ रेयाक् भावना तेय कामीय लाई केदा। उनी दो दिसाम भोर महाशिवरात्रि पोरोब रेयाक् जोहार बोगेआसे एमावाको सांवते गेदिसाम रेयाक् आडी माराङ हिंदी दैनिक रेय ओल केदा- इञाक् मेनकाना जे जीव एकेन सेवा गे इसोराक् कुकलीरोपोड़ रेयाक्सोरोस होर काना। महाकुंभ ‘आमाक् आम जिमावाम’ रेयाक् भावना सोदोर पुराउ लागित् ओपसोरे एमोक् काना, जाहां जानाम हासा खोन ञाम जोतोवाक् ओनाम जिमा दाड़ेयाक्आ। लाख

पातयावानकोवाक् सेवा काते इञ खुद भागआन गेय आटकारेत् काना। लायापेयाञ जे अदाणी समूह रे महाकुंभ ताक रे इस्कॉन सांवते ती मिलाउ काते दिनामदिन 1 लाख पातयावानको रे महाप्रसाद हाटिञ कामीय एकराड़ लेना। अदाणी समूह दो निया धाव आच् रेन कर्मचारीको लागित् हों महाकुंभ लागित् मित् खास ए पोंथा लेदा। गौतमअदाणी नोआ बाबोत रे लाई तुलुच्ए ओलेत् काना- ‘नोआ महाकुंभ ओकते अदाणी घारोंज रे मित् हाहाड़ाय बेवहार केदा। घारोंजरेन रासयाको महाकुंभ र आयाक् सेवा एमोक् लागित् ऑनलाइन आरदास रेयाक्ए उपाये एम केदा आर थोड़ा घंटा रे हजार के रासया दो नोआ सोनोत कामी लागित् खुदको एम केदा। गौतम अदाणी दो 21 जनवरी 2025 हिलोक् घारोंज रेन सांवते प्रयागराज ए दाड़ांकेदा आर महाकुंभ रे डाबरा आरे पुजा केदा। नोआ ओकते उनीदो इस्कॉन रे महाप्रसाद आर गीताप्रेस रेयाक् पंडाल रे आरती संग्रहको हाटिञ केदा। लायापेयाञ जे नोआ महाकुंभ रे अदाणी समूहदो पातयावानको सेवा एमावाको लागित् इस्कॉन सांव सांवते ती मिलाउकाते दिनामदिन 1 लाख होड़ दामा एम बेबोसतावाको आर गीताप्रेस गोरखपुर सांवते मित् ते 1 करोड़ आरती संग्रह हाटिञ रेयाक्एएकराड़ लेना। नोआ छाडा अदाणी समूह सेच् खोन हाड़ाम बुढ़ीको आर गिदराको लागित् मांगनी ते गॉल्फकार्ट सेवा होंय चालाव लेदा।

छाडा-छाडी बेमोतलोब रे गोविंदा रेन मैनेजर दोय रोड़ केदा

खोबोरिया

मुंबई। एक्टर गोविंदा आर उनी रेन एराततेत् सुनीता आहूजाताकिनाक् बापला दो 38 बोछोर होय चुकावेन ताकिना, मेनखान हाली रे गे उनकिनाक् बापाक् आर छाडा-छाडी खोबोर दो आरतेत् गेपासनावेना। सोशल मीडिया रे हों अटकलें बुझाक् काना। रिपोर्ट्स लेका ते बानार होड़ गे जुदा-जुदाकिन ताहेंन काना आर बाडायोक्काना जे सुनीता दो गोविंदा छाडा-छाडी रेयाक् नोटिसे कोलादेया।मेनखान नोआ रेयाक् खोबोर दो सामाङ रे बाङ हेच् आकाना, चेत्खातिर ते सुनीता आर गोविंदा ताकिन दो नोआ रे आधिकारी बयानबाकिन एम आकाना। नित नोआ मामला दो गोविंदा रेन मैनेजर दोयरोड़ केदा आर आसोलाक् गेय लाई आकादा। रिपोर्ट लेका तेगोविंदा रेन मैनेजर शशि सिन्हा दोय मित्टेन इंटरव्यू रेय मेनकेदा जे नोआ काथा दो घारोंज रेन थोड़ा होड़ाक् इंटरव्यूकारोन ते एहोप् आकाना। नोआ खोन जासती दो चेत् हों बानुक्आ।गोविंदा दो आयाक् दारायकान फिल्म रेय भिड़ आकाना। उनी दो सोमोयरे ऑफिस होंय हिजुक् काना। थोड़ा ओड्कान जिनिस मेनाक्आ जेफान्डाव लागित् तेय कुरूमुटूयेत् काना। सांवते गे गोविंदा सेच् खोनजाहान छाडा-छाडी रेयाक् काथा गे बाय एहोप् आकादा, मेनखान सुनीतासेच् खोन लीगल नोटिस ञाम आकाना।

मालदा मंडल तारी रे लाहान्ती कामी लागित् ट्रेनको रेयाक् चालाव-बानाव बेबोसता

जुदा-जुदा लाहान्ती कामीको लागित्, माहित **02.03.2025 (सिंगेमाहां)** हिलोक् मालदा मंडल तारी रे जमालपुर-किऊल शाखा रे नोंका लेका ब्लॉक रेयाक् लाकती ताहेंना: **(1)** लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 23 रे निटाकात् उसुल रेयाक् सबवे बेनाव लागित्, मसुदन अभयपुर शाखा (किमी. 377/9-3) रे **07.30 बजे खोन 13.30 बजे हाबिच् ब्लॉक (2)** लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 31 रे निटाकात् उसुल रेयाक् सबवे बेनाव लागित्, कजरा-उरेन शाखा (किमी. 391/09-11) रे **07.30 बजे खोन 13.30 बजे हाबिच्** ब्लॉक **(3)** जमालपुर रेयाक् रोड ओवर ब्रिज 215 ओचोग लागित्, जमालपुर स्टेशन लिमिट (जोतो लाइनको) रे **07.30 बजे खोन 13.30 बजे हाबिच्** आर जमालपुर इंजी. साइडिंग आर सिक लाइन रे **13.30 बजे खोन 19.30 बजे** हाबिच् ब्लॉक **(4)** जमालपुर रेयाक् फुट ओवर ब्रिज छोटीपुल ओचोग लागित्, जमालपुर स्टेशन लिमिट रे **07.30 बजे खोन 13.30 बजे हाबिच्** ब्लॉक **(5)** अभयपुर रे फुट ओवर ब्रिज बाईबाउ लागित्, अभयपुर स्टेशन लिमिट रे **07.30 बजे खोन 13.30 बजे हाबिच** ब्लॉक। ओना इयाते माहित 02.03.2025 **(सिंगेमाहां)** हिलोक् ट्रेन हिजुक् सेनोक् रे नोंका लेका बेबोसता आकाना:-

●**रद्द:** (1) **73421/73422 जमालपुर-किऊल-जमालपुर डीईएमयू पैसेंजर।** (2) 63423/63424 **जमालपुर-किऊल-जमालपुर एमईएमयू पैसेंजर।** (3) 53479/53480 **जमालपुर-किऊल-जमालपुर पैसेंजर।** (4) **73452/73451 जमालपुर-तिलरथ-जमालपुर डीईएमयू पैसेंजर।** (5) **73462/73461 जमालपुर-मानसी-जमालपुर डीईएमयू पैसेंजर।** (6) **73430 जमालपुर-भागलपुर डीईएमयू पैसेंजर।**

●**निटआरो:** (1) **12367 भागलपुर-आनंद विहार टमिनल विक्रमशिला एक्सप्रेस** भागलपुर खोन 45 मिनट लागित् निटआरोक्आ। (2) **53404 गया-जमालपुर पैसेंजर** गया खोन 2 घंटा लागित् निटआरोक् आ। (3) **73454 जमालपुर-तिलरथ डीईएमयू पैसेंजर** 13.00 बजे बोदोल ते 13.30 बजे निटआरोक्आ। (4) **13241 बांका-राजेद्र नगर टर्मिनल इंटरसिटी एक्सप्रेस बांका** खोन 2 घंटा लागित् निटआरोक् आ मेताक?मे बांका खोन 10.45 बजे लाड़ाक्आ।

●**डाहार बोदोल:** (1) **15658 कामाख्या-नई दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल** (यात्रा एहोबोक् तारीक 01.03.2025) भागलपुर-रतनपुर-मुंगेर-बरौनी सेच ते डाहारे बोदोला । (2) 22311 **गोड्डा-मुंबई लोकमान्य तिलक (टी) सुपरफास्ट एक्सप्रेस** (यात्रा एहोबोक् तारीक 02.03.2025) भागलपुर-रतनपुर-मुंगेर-बरौनी-मोकामा-पटना सेच् ते डाहारे बोदोला।

● **खाटो यात्रा मुचात्/खाटो यात्रा एहोप् :** (1) **13409/13410 मालदा आउन-किऊल-मालदा आउन इंटरसिटी एक्सप्रेस** (यात्रा एहोबोक् तारीक 02.03.2025) भागलपुर रे खाटो यात्रा मुचादोक्/खाटो यात्रा एहोबोक्आ। (2) 13334/13333 **पटना-दुमका-पटना एक्सप्रेस** (यात्रा एहोबोक् तारीक02.03.2025) किऊल रे खाटो यात्रा मुचादोक् आ/खाटो यात्रा एहोबोक?आ। (3) **63431/63432 साहिबगंज-जमालपुर-साहिबगंज एमईएमयू** (यात्रा एहोबोक् तारीक 02.03.2025) सुल्तानगंज रे खाटो यात्रा एहोबोक् आ/खाटो यात्रा मुचादोक्आ।

●**चालाव-बानाव: 13424 अजमेर-भागलपुर हापताकिया एक्सप्रेस** (यात्रा एहोबोक् तारीक 01.03.2025) डाहार रे 30 मिनट लागित् नियंत्रितोक् आ।

जाहांन स्पेशल ट्रेन आर से बिलाम ते चालाक्आक् ट्रेन दो डाहार नियंत्रित दाड़ेयाक्आ, जुदि बिलाम ते चालाक्किन खान। सांघाड़ियाको ठेन नेहोर मेनाक्आ जे ओनको दो सटेशनको रेयाक् जनसंबोधन प्रणाली दोको मानाव-बातावमा। ओसुबिता लागित् दुक मेनाक्आ।

मंडल रेल प्रबंधक, मालदा

पूर्व रेलवे

नोंडे पांजालेपे: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

देवघर व बासुकीनाथ में महाशिवरात्रि की तस्वीरें





हिजला मेला खेलकूद महोत्सव में 200, 800 और 1500 मीटर दौड़ में रमेश और संजू ने लहराया परचम

महिलाओं के 200और 1500 मीटर दौड़ में पानों और दीपिका रही अव्वल

- तीरंदाजी में राजू और संकोची का सटीक निशाना
- दिव्यांग और नेत्रहीन दौड़ में संतोष और दिनेश ने सबको पछाड़ा

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

दुमका । राजकीय जनजातीय हिजला मेला में खेलकूद समिति के तत्वावधान में पुरुष एवं महिलाओं के लिए ऐथलेटिक्स,तीरंदाजी, कबड्डी,खो-खो एवं वॉलीबॉल के साथ साथ दिव्यांगो के लिए भी कई प्रतियोगिताएं बुधवार को आयोजित की गई।

पुरुषों के 200 मीटर दौड़ में रमेश मुर्मू, प्रणव पाठक तथा संजू मुर्मू,800मीटर दौड़ में संजू मुर्मू,अभिषेक कुमार तथा सुरुधन बास्की 1500 मीटर दौड़ में भी संजू मुर्मू, अभिषेक कुमार तथा सुरुधन बास्की, आधुनिक तीरंदाजी में राजू बानरा, चन्द्रमोहन सोरेन तथा नोयल मरांडी, कुश्ती प्रतियोगिता में बासुकीनाथ यादव, आशीष कुमार तथा पवन कुमार मंडल, महिलाओं के 200 मीटर दौड़ में पानों मरांडी, दीपिका कुमारी तथा प्रेरणा मरांडी, 1500मीटर दौड़ में दीपिका कुमारी, संतरी हेम्ब्रम तथा बिजली हेम्ब्रम, आधुनिक तीरंदाजी प्रतियोगिता में सकोदी मरांडी, शिवानी टुडू तथा अनुप्रिया हेम्ब्रम जबकि दिव्यांगो के 100 मीटर दौड़ में संतोष प्रसाद साह, रुप कुमार दास तथा उपेन्द्र राय,नेत्रहीनों के लिए आयोजित दौड़ में दिनेश मुर्मू,सिरिल राणा तथा रवि हांसदा क्रमशः पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।

विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि जिला कल्याण पदाधिकारी विजन उरांव, विशिष्ट अतिथि डा.श्वेता स्वराज सहित आयोजन समिति के सदस्यों ने नकद क्रमशः ?500,?400 तथा ?300और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

वालीबाल

मधुपुर ने शिकारीपाड़ा को02-00, यूआइपीएस शिकारीपाड़ा ने एनवाईसी को 02-00से,हास्टल न.05ने रांगा को 02-01 से, जिला स्कूल दुमका ने चंपानगर को 02-01 से, जिला स्कूल दुमका ने हास्टल न 05 को 02-01से, संत जेवियर कॉलेज ने हास्टल न 01 को02-00से,गुदराबगान ने हथियापाथर को 02-00 से,सरुआ ने हास्टल न 05 को 02-01 से तथा पुलिस लाइन दुमका ने एसटीबी म्हारो को 02-00 से परास्त कर अगले चक्र में प्रवेश किया।

खो खो

बालक वर्ग में पाकुड़ ने मसलिया को 15-09 से हराकर तथा संत जोसेफ वाक ओवर मिलने के कारण फाइनल में पहुंच गई है।

कबड्डी

बाल वर्ग में देवघर और दुमका फाइनल में जबकि बालिका वर्ग में देवघर और करबिंधा फाइनल में पहुंच गई है।

आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के अध्यक्ष जिला खेलकूद पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार, सहसंयोजक उमाशंकर चौबे,के एन सिंह, खो खो संयोजक गोविंद प्रसाद,ऐथलेटिक्स संयोजक वरुण कुमार,आकर्षक खेल संयोजक अरविंद कुमार,मीडिया संयोजक मदन कुमार,कबड्डी संयोजक अमरनाथ चौधरी,वॉलीबॉल संयोजक मुकेश कुमार, तीरंदाजी संयोजक देवीधन टुडू, कुश्ती संयोजक संदीप कुमार जय,पुरस्कार वितरण संयोजक विद्यापति झा एवं आफीसियल के रूप में शिशिर कुमार घोष,दीपक झा,हैदर हुसैन,डॉ रुपम कुमारी,वंशीधर पंडित,ज्ञान प्रकाश,निर्मल हांसदा,विनय कुमार सिंह,रंजीत कुमार मिश्रा,देवीधन टुडू,सुशील हेम्ब्रम,रंजन मुर्मू,असीम हेम्ब्रम ,राजेश हेम्ब्रम,अग्नेश मुर्मू,ललित कुमार झा, कुलदीप सिंह,दाउद अली,गौरव सिंह, अमित कुमार,इन्द्रजीत गुप्ता, विनीत कुमार सिंह,प्रिंसराज सिंह,शमशेर अंसारी,फरीद खान ,देवयानी राय,आशीष रंजन भारती,सुनेन्दु सरकार,विनीत कुमार सिंह,प्रिंसराज सिंह आदि की भूमिका उल्लेखनीय रही।

हिजला मेला में चादर बादोनी की प्रस्तुति रही आकर्षक का केंद्र

दुमका। जनमत शोध संस्थान की ओर से राजकीय जनजातीय हिजला मेला में बुधवार को आदिवासी कठपुतली लोककला चादर बादोनी की प्रस्तुति की गई जो नयी पीढ़ी के आदिवासी युवाओं, बच्चों और महिलाओं के बीच आकर्षक का केंद्र रही। जनमत आदिवासी कलादल के दल नायक बाबूधन मुर्मू के नेतृत्व में बोड़ो मुर्मू, लखन मुर्मू, साहेब लाल मुर्मू, रामधन मुर्मू इत्यादि चादर बादोनी के कलाकारों ने मेले में घूम घूमकर कठपुतली लोकनृत्य प्रदर्शित किया और आदिवासी समुदाय विशेषकर नयी पीढ़ी के बीच परंपरागत लोककलाओं के प्रति सांस्कृतिक चेतना जागृत करने का प्रयास किया। मांदर नगाड़े की धुन पर नृत्य करती कठपुतलियों के साथ कदमताल करते इससे जुड़े आदिवासी कलाकारों ने जब चादर बादोनी का यह गीत गाया कि ÷देखो देखो काठ का सुंदर सुंदर मानुष देखो, छोटा छोटा काठ का मानुष हमने बनाया और नचाया लेकिन अफसोस हम इसको जीव नहीं दे सके।÷ जनमत शोध संस्थान के सचिव अशोक सिंह ने इस कला के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि विलुप्तप्राय आदिवासी कठपुतली लोककला चादर बादोनी जो लगभग 30-35 वर्ष पहले विलुप्त हो चुकी थी उसको झारखंड सरकार के कला संस्कृति विभाग के सहयोग से जनमत शोध संस्थान ने वर्ष 2009-10 में लंबे समय तक शोध अध्ययन, प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन आदि के माध्यम से पुनर्जीवित करने का प्रयास किया उसके बाद से पिछले 10-12 वर्षों से अब यह विभिन्न हाट मेलों एवं अन्य अवसरों पर दिखने लगा है। पुरानी पीढ़ी के कलाकार बहुत कम बचे रह गये हैं। नई पीढ़ी के आदिवासी कलाकारों को भी संस्थान द्वारा प्रशिक्षण देकर तैयार किया जा रहा है। आदिवासी लोककला संस्कृति के संरक्षण संवर्द्धन एवं प्रबंधन को लेकर जनमत लगातार प्रयास कर रहा है जिसमें झारखंड सरकार का सहयोग मिल रहा है।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन चीसपाहीज फोन न. 7367009287, 9771486686